


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### वैभव ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

दांबुला। इंडिया-ए ने फाइनल में श्रीलंका-ए को 66 रन से हराकर ट्राई सीरीज अपने नाम कर ली। भारत की जीत के हीरो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रन की पारी खेली। 10 चौके और 8 छक्के भी लगाए। वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026




## नीट-यूजी पुनर्परीक्षा : रायपुर में सख्ती, कड़ी जांच के बाद प्रवेश, जूते-चप्पल तक उतरवाए

# हिजाब पर बहस, उतरवाया कलावा एक मिनट की देरी पर नहीं मिली एंट्री

*देश और विदेशों में बनाए गए केंद्रों पर नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने दोबारा परीक्षा दी। अभ्यर्थियों ने परीक्षा को लेकर अलग-अलग राय दी। किसी ने पिछली परीक्षा से कठिन बताया, तो कुछ छात्रों ने सरल बताया। इधर, एक-दो मिनट देर से पहुंचने पर मुंबई में 2 और बेंगलुरु में 4 छात्रों को एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। राजस्थान के अजमेर में हिजाब पहन कर आई एक छात्रा को पहले प्रवेश से रोका गया। काफी बहस के बाद उसे अंदर भेजा गया।*

### सख्त पहरे के बीच परीक्षा

- 551 शहरों में 5,440 केंद्र
- 14 केंद्रों पर विदेशों में परीक्षा
- 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे
- 51,311 जैमर लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

प्रश्नपत्र लीक होने के कारण तीन मई को हुई परीक्षा रद्द किए जाने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी गुरुवार को फिर से नीट-यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन की। पुनर्परीक्षा अपराह्न दो बजे शुरू हुई जो शाम 5.15 बजे तक चली। दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शाम 6:20 बजे तक अनुमति दी गई। एनटीए के अनुसार, 95,000 से अधिक परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुल 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी राष्ट्रीय, राज्य और मंत्रालय स्तर पर ऑनलाइन तरीके से की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा भारत के 551 शहरों में 5,440 केंद्रों और विदेश में 14 केंद्रों पर ▸▸|शेष पेज 7 पर

### देश और विदेशों में हुई मेडिकल प्रवेश परीक्षा





रायपुर में 90.25% उपस्थिति

### बुर्का पहने पहुंची अभ्यर्थी को रोका

बुर्का पहने एक नीट अभ्यर्थी ने आरोप लगाया कि उसे राजस्थान के अजमेर में स्थित एक परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। थोड़ी देर बाद प्रवेश की अनुमति मिली।

### ऑक्सीजन सपोर्ट पर नीट देने पहुंची

*देशभर में नीट यूजी परीक्षा के बीच कोलकाता से एक ऐसी कहानी सामने आई है, जो हर किसी को हौसला और उम्मीद देती है। यह कहानी है सृष्टि दुबे की, जिन्होंने दर्द और मुश्किल हालातों के बीच भी अपने सपनों को टूटने नहीं दिया। सिर्फ एक हफ्ता पहले हुए भयानक सड़क हादसे में सृष्टि की 9 पसलियां टूट गई थीं और फेफड़ों में गंभीर चोट आई थी। हालत इतनी नाजुक थी कि उन्हें वेंटिलेटर तक पर रहना पड़ा, लेकिन उनके अंदर डॉक्टर बनने का सपना जिंदा था।*

### छात्र ने कहा

### परीक्षा अच्छी रही, लेकिन फिजिक्स ज्यादा मुश्किल

कर्नाटक में एक उम्मीदवार का कहना है कि परीक्षा अच्छी रही। लेकिन पिछली बार की तुलना में, फिजिक्स थोड़ी ज्यादा मुश्किल लगी। बायोलॉजी और केमिस्ट्री ठीक-ठाक थे। पेपर अच्छा था और हमने इसे अच्छे से किया। दिल्ली में दोबारा परीक्षा खत्म होने के बाद उम्मीदवार परीक्षा केंद्र से बाहर निकले। एक उम्मीदवार ने कहा कि परीक्षा का स्तर ठीक-ठाक था। फिजिक्स का पेपर काफी लंबा था और पिछली बार के मुकाबले थोड़ा मुश्किल था। बायोलॉजी अच्छी थी और केमिस्ट्री का स्तर ठीक-ठाक था।

### सिपाही व हवलदार की मौजूदगी में विचाराधीन बंदी ने दिलाई परीक्षा

*रायपुर। राजधानी में भी नीट को लेकर प्रातःकाल से तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। रायपुर में इसके लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 9050 अभ्यर्थियों ने नीट के लिए आवेदन दिया था। इनमें से 62.5 प्रतिशत महिला अभ्यर्थी रहीं। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का प्रतिशत 90.25% रहा। एनटीए के दिशा-निर्देशों के मुताबिक रायपुर के सभी केंद्रों में तीन चरणों में जांच हुई। सेंट्रल जेल का एक बंदी भी नीट में शामिल हुआ। हाईकोर्ट बिलासपुर के आदेश के बाद विचाराधीन बंदी कुणाल तरुणकर को नीट दिलाने का मौका मिला। एक एएसआई, एक* ▸▸|शेष पेज 7 पर



## अपराध दर्ज, प्रतापपुर क्षेत्र की घटना

# आरक्षक की छाती पर बैठकर मारा फाड़ी वर्दी, चालक की कर दी पिटाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबिकापुर

सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे डायल 112 के आरक्षक और चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। भीड़ ने आरक्षक के ऊपर बैठकर और चालक को लात-मुक्कों से बेदम पीटा। मारपीट से आरक्षक बेहोश हो गया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पूरा मामला सूरजपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र का है। बता दें कि 19 जून की रात प्रतापपुर-सेमरसोत रोड पर रामपुर में ▸▸|शेष पेज 7 पर

**सड़क दुर्घटना के घायलों को लेने पहुंची डायल 112 की टीम पर हमला**

### की जाएगी कड़ी कार्रवाई

डायल 112 की टीम के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द होगी। डायल 112 की टीम पर चेकिंग करने का आरोप गलत है क्यों कि बिना किसी सूचना के टीम कहीं नहीं जाती। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनूप एक्का, एसडीओपी

### चेकिंग के नाम पर गाड़ी रोकने का आरोप

मारपीट के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गाड़ियों की चेकिंग और ट्रक को रोकने के कारण हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि लगभग डेढ़ घंटे पहले प्रतापपुर-सेमरसोत मार्ग पर शिवपुर के समीप इसी ट्रक और कार के बीच रात दस बजे टक्कर हुई थी। घटना के बाद ट्रक और कार सवारों के बीच विवाद हुआ और घटना की सूचना के बाद पुलिस पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन पुलिस को देखकर चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया था। कार का साइड मिरर टूटा था इसलिए पुलिस भी लौट गई और इसी ट्रक से रात 11.30 से 12 बजे के बीच बाइक सवार चार युवक टकरा गए जिनमें से तीन की मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि गाड़ियों की ▸▸|शेष पेज 7 पर




## सी फूड फैक्ट्री में हादसा

# अमोनिया गैस लीक से सात महिलाओं की गई जान

एजेंसी ▸▸| तिरुवल्लूर

तमिलनाडु में पेरियापालयम के निकट मनजंगरनई स्थित एक निजी समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाई में रविवार को अमोनिया गैस रिसाव से सात महिलाओं की मौत हो गई। तिरुवल्लूर की जिलाधिकारी एस कविता ने बताया कि 67 प्रभावित कर्मियों को तुरंत स्थानीय चिकित्सा केंद्रों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि 46 लोगों का इलाज वेल्स अस्पताल में और 21 लोगों का इलाज वेंकटेश्वर अस्पताल में किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से प्रभावित नौ लोगों को एंबुलेंस के जरिए चेन्नई स्थित सरकारी स्टैनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले ▸▸|शेष पेज 7 पर

### कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

*इस बीच, घटना को गंभीरता से लेते हुए तमिलनाडु सरकार ने गैस रिसाव के कारणों का पता लगाने के लिए डीन डॉक्टर शांताराम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस ने कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि कंपनी के कुछ और अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।*

## बाढ़-बारिश से मिलेगी सुरक्षा

# रेलवे ट्रैक की खराबी देखते ही बजेगा अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे अब ट्रैक की सुरक्षा को और ज्यादा मजबूत बनाने के लिए एक नई तकनीक का सहारा लेने जा रही है। इस तकनीक की मदद से रेलवे ट्रैक पर होने वाले बड़े हादसे और छोटी-छोटी खराबी को समय रहते पता लगाया जा सकता है। सरकार का कहना है कि इस तकनीक का खास मकसद यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाना है।



इस तकनीक में मल्टी-सेंसर, एआई और डिजिटल ट्विन जैसी ▸▸|शेष पेज 7 पर

### बड़े काम की है ये तकनीक

दरअसल, पूर्वोत्तर रेलवे के कई रेलमार्ग पहाड़ी इलाके, जंगलों और ऐसे इलाकों से गुजरतें हैं, जहां भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं होती हैं। इन जगहों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर असम और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में बाढ़ के दौरान कई बार ट्रैक के नीचे की मिट्टी कमजोर हो जाती है।





22 जून
जीवेत् शरदः शतम्
सदैव जनसेवा को सर्वोपरि रखने वाली सच्ची कर्मयोगी,
आदर्शवादी राजनेता, भारतीय जनता पार्टी की
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद
सुश्री सरोज दीदी जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
राकेश पाण्डेय
अध्यक्ष, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, छत्तीसगढ़
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





### सियाचिन से आई तस्वीरों ने जीता दिल

*योग दिवस पर दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर एक अलग ही सीना चौड़ा करने वाली तस्वीर देखने को मिली। चारों ओर बर्फ की सफेद चादर, हड्डियां जमा देने वाली ठंड, माइनस तापमान और सन्नाटे के बीच भारतीय सेना के 'सियाचिन स्निफर्स' यानी चार पैरों वाले जांबाज योद्धा अपने हैंडलर्स के साथ योग करते नजर आए। यह सिर्फ योग का अभ्यास नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि हालात कितने भी कठिन क्यों न हों, आत्मबल और अनुशासन सबसे बड़ी ताकत होते हैं।*

कोलकाता में हजारों लोगों के साथ प्रधानमंत्री ने किया योग

# योग के दिखे कई रंग, पहाड़-पानी पर भी लोगों ने जमाया 'आसन'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ कोलकाता

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के कई रंग देखने को मिले। धरती के अलग-अलग हिस्सों पर लोगों ने योग किया। किसी ने पहाड़ों पर तो किसी ने पानी पर अपना आसन जमाया। योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता के रेड रोड में हुआ। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों लोगों के साथ योग किया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

श्रीनगर में झील के ऊपर किया गया योग



### 14000 फीट की ऊंचाई से समुद्र की गहराई तक योगासन

लेह, लद्दाख में इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस की 47वीं बटालियन ने पैंगोंग त्सो झील के किनारे योगाभ्यास करके 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। भारतीय नौसेना ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। नौसेना की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा गया, मन से शांत। शरीर से मजबूत। सेवा के प्रति समर्पित।

### दुनियाभर में हजारों लोग हुए शामिल

**बीजिंग/वॉशिंगटन।** दुनिया भर में हज़ारों योग प्रेमियों ने योग दिवस मनाया।विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों ने ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित किया गया।





### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : साय

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की सनातन ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जिसने आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति को* ▶▶|शेष पेज 7 पर

---

### प्रदर्शनी में झलका कांग्रेस का इतिहास

अभनपुर के अग्रवाल रिसार्ट में कांग्रेस ने एक प्रदर्शनी भी लगाई है। प्रदर्शनी में कांग्रेस के अब तक के इतिहास, महत्वपूर्ण राजनीतिक पड़ाव और देश के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया है। जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण में पार्टी के इतिहास, विचार और कार्य प्रणाली भी है। प्रदर्शनी के माध्यम से उसे दर्शाने का प्रयास किया गया है।

### कॉफी पीने रुके राहुल

प्रशिक्षण स्थल से वापसी के दौरान राहुल गांधी का काफिला एयरपोर्ट के पास एक मैगी पाइंट में रूका। उनके साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट,प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, टीएस सिंहदेव, उमेश पटेल, डॉ. शिव डहरिया,, ताम्रध्वज साहू, सहित अन्य नेता शामिल थे।

### पूर्व मंत्री, विधायक सांसद से मिले

राहुल गांधी ने करीब 40 मिनट तक वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अभनपुर पहुंचे थे। शिविर के दौरान वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्रियों के साथ करीब 40 मिनट तक बैठक की। करीब 70 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनसे मिला, जिसमें पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। गुरु रुद्र कुमार ने बताया कि राहुल गांधी के साथ प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

राहुल ने कहा-जल जंगल और जमीन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं

# राहुल की जिला अध्यक्षों को नसीहत, कहा- संगठन की मजबूती के लिए गुटबाजी से दूर रहना जरूरी

*कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिलाध्यक्षों से रूबरू हुए। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की सलाह दी। उन्होंने जिलाध्यक्षों से कहा, गुटबाजी से दूर रहकर सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले। राहुल गांधी यहां पहुंचने के बाद सीधे जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे। उन्होंने एक-एक जिलाध्यक्ष से परिचय प्राप्त किया । प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और डॉ. चरणदास महंत भी इस मौके पर मौजूद रहे।*

- जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे, दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर अभनपुर में रविवार को शुरू हुआ। इस दौरान राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और गुटबाजी से दूर रहने की सलाह दी। सभी जिला अध्यक्षों से कहा, संगठन में अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़े। अंतिम कार्यकर्ता को भी पार्टी से जोड़कर साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा, प्रदेश में जल, जंगल और जमीन के विषयों को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश के विकास में भागीदार बनने वाले यहां के निवासियों के मामलों पर ध्यान दे। पार्टी को निचले स्तर तक पहुंचाने का कार्य करें। प्रदेश में पार्टी की स्थिति मजबूत है। सभी कार्यकर्ताओं का साथ लेकर समन्वय के साथ आगे बढ़ना है।



नवा रायपुर के मैगी पाइंट पर राहुल गांधी ने कॉफी पी।

#### बैज कर रहे जल-जंगल और जमीन के लिए आंदोलन की तैयारी



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जल-जंगल और जमीन के लिए आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए एक बार फिर राहुल गांधी छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। इधर, राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों से कहा कि 12 साल की मोदी सरकार और ढाई साल की राज्य सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। उन्होंने कहा, उनकी नाकामियों को जनता के बीच ले ▶▶|शेष पेज 7 पर

### डीसीसी को दिया पॉवर

राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों के पॉवर के संबंध में भी उन्हें बताया। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों की रिपोर्ट के आधार पर विधानसभा और लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी चयन किया जाएगा। जिलों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क में रहें। जो वरिष्ठ नेता मदद नहीं करते उनके बारे में अपने प्रदेश अध्यक्ष को रिपोर्ट करें। वहां से मदद नहीं मिलती तो हमें भी अपनी बात कह सकते हैं।

### कार्यकर्ताओं को दें सम्मान -पायलट

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने जिलाध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को महत्व और सम्मान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ वातावरण बना है और इसका लाभ उठाने की जरूरत है। उन्होंने गुटबाजी से परे मिल-जुलकर काम करने का आह्वान किया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भी उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कहा, संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों को चयन किया है। जनता की समस्याओं को सामने लाने के अलावा उनके बीच पार्टी को पहुंचाने का काम करें।

### प्रदेश नेताओं से बंद कमरे में चर्चा

प्रशिक्षण शिविर स्थल अग्रवाल मंगल भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने प्रदेश के प्रमुख नेताओं पूर्व सीएम भूपेश बघेल, डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक वैज और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ अलग से चर्चा की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी मौजूद थे। बताया जाता है कि राहुल गांधी ने प्रदेश के मुद्दों पर सभी नेताओं से चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया।

# फ्लेक्स में तस्वीर नहीं, भड़के विधायक साहू कार्यक्रम छोड़कर निकले, हाथ-पैर जोड़ने पर लौटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खास खबर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जहां पूरा देश योग के जरिए स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संदेश दे रहा था, वहीं बेमेतरा के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली) में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम एक अलग ही वजह से सुर्खियों में आ गया। योग शुरू होने से पहले मंच पर लगे फ्लेक्स में साजा विधायक ईश्वर साहू की तस्वीर नहीं होने को लेकर ऐसा विवाद खड़ा हुआ कि कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, फ्लैक्स में विधायक की तस्वीर नहीं थी, जिससे नाराज होकर वे कार्यक्रम छोड़कर जाने लगे। अधिकारियों ने हाथ-पैर जोड़कर उन्हें मनाया, तब वे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### यह सिर्फ गलती नहीं, षड्यंत्र भी हो सकता है

कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा में विधायक ईश्वर साहू ने अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक साधारण चूक नहीं लगती। उनके अनुसार पूरे मामले की जांच कराई जानी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह प्रशासनिक लापरवाही थी या किसी ने जानबूझकर ऐसा किया। विधायक ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए। यदि किसी स्तर पर जानबूझकर उनका नाम या तस्वीर हटाई गई है तो जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### प्रशासन की ओर से नहीं आया विस्तृत स्पष्टीकरण

जिला प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। लेकिन अब इस बात पर नजर है कि विधायक द्वारा उठाई गई जांच की मांग पर प्रशासन क्या कदम उठाता है और फ्लेक्स में तस्वीर नहीं होने की वास्तविक वजह क्या ?

#### सोशल मीडिया पर दिनभर छाया रहा 'फोटो विवाद'

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद यह घटनाक्रम सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फ्लेक्स की तस्वीरें और वीडियो विभिन्न प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए, जिन पर लोगों ने जमकर प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ यूजर्स ने इसे प्रशासन की गंभीर चूक बताया और कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में ऐसे प्रोटोकॉल संबंधी मामलों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

---

## खबर संक्षेप

### आशा भोसले को समर्पित गाने का टीजर

**नई दिल्ली।** संगीतकार ए आर रहमान ने दिवंगत गायिका आशा भोसले को समर्पित एक विशेष गीत का टीजर साझा करते हुए कहा कि उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों के दिलों को प्रेरित करता रहेगा। भोसले का 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। यह गीत भोसले के निधन से पहले रिकॉर्ड किया गया था।

### चार साल बाद भारत की बेटियों ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार साल के इंतजार के बाद एफआईएच नेशन्स कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारतीय टीम ने 2026 में मेजबान न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया है। इस मुकाबले में भारत के लिए नवनीत कौर और सुनेलिता टोप्पो ने गोल करते हुए टीम को विजयी लीड दिला दी थी।

### वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर सुरक्षा की समीक्षा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग और भवन क्षेत्र की सुरक्षा का व्यापक जायजा लिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मुकुंद टिबरेवाल ने कटरा स्थित सांझी छत क्षेत्र का भी दौरा किया और हेलिपैड तथा उसके आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

ईरान अमेरिका वार्ता

# ट्रंप ने कहा-ईरान हिज्बुल्लाह को रोके, वरना फिर हमला करेंगे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

- स्विट्जरलैंड में जारी बातचीत के बीच धमकी

स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक में जहां एक ओर पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है वहीं दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ईरान को लेबनान में अपने ज्यादा पैसे वाले प्रॉक्सी को परेशानी खड़ी करने से तुरंत रोकना चाहिए। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ऐसा ईरान ने हिजबुल्लाह को नहीं रोका, तो अमेरिका हमला करेगा। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ईरान पर फिर से बहुत ज़ोर से हमला करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे हमने पिछले हफ़्ते किया था, बस और ज़्यादा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये पोस्ट उस समय किया है जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है। वहीं बातचीत से पहले स्विट्जरलैंड में मौजूद अमेरिकी राष्ट्रपति जेडी वेंस ने इसे 'ऐतिहासिक' बताया और कहा कि 'अमेरिका ईरान के साथ अपने रिश्तों में बड़े बदलाव के लिए तैयार' है।



### ईरान की जहाजों को चेतावनी

*ईरान की रिवोल्यूशनरी फोर्स ने जहाजों को होर्मुज के पास से न गुजरने की चेतावनी दी और कहा कि अगर वे ऐसा करते हैं तो उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी।*

### भारत को बड़ी राहत

*भारतीय झंडे वाले तीन तेल टैंकर शनिवार को सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर भारत के लिए रवाना हो गए। इन जहाजों में 8.6 लाख मीट्रिक टन से अधिक कच्चा तेल और 94 भारतीय क्रू मेंबर शामिल हैं।*

#### ईरान-अमेरिका के बीच हाईलेवल मीटिंग

स्विट्जरलैंड में अमेरिका और ईरान में बातचीत (ज्यूरिख वार्ता) शुरू हो गई। इसकी घोषणा कतर के विदेश मंत्रालय ने की है। मंत्रालय ने उम्मीद जताते हुए कहा कि इन मीटिंग के नतीजों में एक स्थायी समझौता है, जो लंबे समय तक के लिए होगा। इसमें एमओयू में शामिल सभी पहलू पर बात होगी। एमओयू एक समझौता ज्ञापन है, जिसपर दोनों देश डिजिटल साइन कर चुके हैं। बैठक में अमेरिका के वाइस प्रेसीडेंट जेडी वेंस, ईरान संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और पाक पीएम शहबाज शरीफ समेत कई शीर्ष नेता शामिल हुए।

एसआईटी का सख्त आदेश

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद: जांच पूरी होने तक अयोध्या न छोड़ें ट्रस्ट के सदस्य

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन की जांच के लिए यूपी सरकार ने एसआईटी का गठन किया था, जिसकी जांच को लेकर कई खुलासे सूत्रों के हवाले से हुए भी है। अब कथित तौर पर एसआईटी ने राम मंदिर के ट्रस्ट के पदाधिकारियों और मंदिर के अधिकारियों को अयोध्या न छोड़ने का निर्देश दिया है कि वे जांच पूरी होने तक अयोध्या न छोड़ें। तीन सदस्यीय एसआईटी द्वारा यह निर्देश रविवार को लखनऊ रवाना होने से पहले जारी किया गया था।



#### दानदाताओं ने मांगा ब्योरा

इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने आरोप लगाया है कि देशभर के सराफा कारोबारियों की ओर से दान में दी गई करीब 60 किलो चांदी को गलाकर विशेष ईंटें बनाई गई थीं, लेकिन बाद में उन ईंटों और अन्य दान सामग्री के उपयोग को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई।

### चंपत राय और अनिल मिश्रा से भी पूछताछ

रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव जो मंदिर की आंतरिक व्यवस्था से जुड़ा है, उससे भी पूछताछ हुई है। आभूषणों की देखरेख करने वाले कृष्ण देव तिवारी, एसबीआई शाखा के अधिकारियों और मंदिर चढ़ने की दानराशि से जुड़े बैंककर्मियों से भी पूछताछ हुई है। इसके अलावा ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और मंदिर परिसर प्रभारी गोपाल राव से भी पूछताछ हुई है।

# 'गैर-कानूनी' खनन, 1000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

#### ईडी की बड़ी कार्रवाई



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गोवा में लौह अयस्क के कथित गैर-कानूनी खनन मामले में 1,023 करोड़ से ज़्यादा की संपत्ति ज़ब्त की है, जिसमें सिंगापुर में मौजूद संपत्तियां भी शामिल हैं। ईडी ने एक बयान में कहा कि साल्गाओकर ग्रुप एंड असोसिएट्स द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध लौह अयस्क खनन किए जाने के मामले में धनशोधन अधिनियम के तहत 19 जून को एक अस्थायी आदेश जारी किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट का था फैसला

ईडी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने 2014 और 2018 के फैसलों में यह माना है कि 22.11.2007 के बाद (नए खनन पट्टे जारी होने तक) गोवा में किया गया सभी खनन अवैध था।

लगातार राखड़ डंप करने की वजह से बांध के तटबंध के एक हिस्से पर बढ़ गया दबाव

# गोढ़ी राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त, आसपास फैला राखड़युक्त पानी

- लगातार राखड़ डंप करने की वजह से बांध के तटबंध के एक हिस्से पर बढ़ गया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

हरिभूमि सरोकार

डीएसपीएम संयंत्र के गोढ़ी स्थित राखड़ बांध के तटबंध का एक हिस्सा अचानक क्षतिग्रस्त हो गया। बांध के तटबंध टूटने से आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में राखड़युक्त पानी फैल गया। दरअसल बांध में लगातार राखड़ डंप करने की वजह से बांध के तटबंध के एक हिस्से में दबाव बढ़ गया और वहां से राखड़युक्त पानी का रिसाव होने लगा। समय पर मरम्मत नहीं होने और लगातार ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### आसपास के नागरिकों ने मरम्मत में कोताही का लगाया आरोप





### मरम्मत कार्य पूरा

राखड़ बांध के तटबंध में माइनर लिकेज आ गया था। कुछ ही समय पर उस पर नियंत्रण पा लिया गया। मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

**-विनय सोनी**, कार्यपालन अभियंता सिविल संभाग-2 एयू एण्ड पीसी

### पहले भी टूटा था बांध का तटबंध

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के राखड़ बांध क्षतिग्रस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगभग एक माह पूर्व ही एचटीपीएस संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था इसके बावजूद अधिकारियों ने सबक नहीं लिया और लापरवाहीपूर्वक राखड़युक्त पानी का हसदेव नदी में विस्थापन कर दिया था। नदी का जल प्रदूषित होने से शहर के कई हिस्सों में जल आपूर्ति भी ▶▶|शेष पेज 7 पर


अहमदाबाद


डॉग स्क्वॉड


राजकोट


लद्दाख

## हिमालय से हिंदमहासागर और पूरब से पश्चिम तक
# योग ही योग


श्रीनगर

21 जून का ये दिन पृथ्वी के कुछ भू-भाग पर सबसे लंबी अवधि का दिन होता है। अब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कारण 21 जून का ये दिन विश्व के सबसे बड़े सामूहिक उत्सव का दिन भी बन गया है। विश्व के अलग-अलग हिस्सों से योग की अद्भुत तस्वीरें सामने आईं। भारत में हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक पूर्वोत्तर और पूरब में बंगाल से लेकर पश्चिम में सौराष्ट्र तक पूरा देश योग के रंग में रंगा रहा। योग गुरुओं ने बताया कि योग के जरिए मुश्किल हालातों में भी शरीर की फिटनेस, मन की शांति बनी रहती है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और तनाव से निपटने में भी मदद मिलती है।


शिलांग


नादिया


अहमदाबाद


लद्दाख

## खबर संक्षेप

### बस और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में रविवार को एक बस के खड़े ट्रक से टकराने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर उल्लादाबरी के पास हुआ। उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम की बस सुबह करीब 11:30 बजे सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री अंदर ही फंस गए।

### पति-पत्नी ने एक ही फंदे पर लटककर दी जान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के एक गांव में पति-पत्नी ने शनिवार को एक ही फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि हस्तिनापुर गांव में हुई इस घटना के पीछे घरेलू विवाद की बात सामने आई है लेकिन जांच के बाद ही तथ्य सामने आएंगे। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर विनोद प्रजापति (22) और उसकी पत्नी लक्ष्मी प्रजापति (20) का शव एक ही फंदे पर लटका हुआ मिला। लोधी ने बताया कि दोनों का विवाह 14 महीने पहले हुआ था।

### राजस्थान में तेंदुए के हमले में 3 लोग घायल

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले के बल्लूपुरा गांव में तेंदुए के हमले में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया, घायलों की पहचान गीला यादव (45), जयराम सैनी (40) और बबली यादव (39) के रूप में हुई है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि तेंदुआ सुबह सबसे पहले खेतों में घूमता हुआ दिखाई दिया और जब ग्रामीणों का एक समूह उसे भगाने के लिए मौके पर पहुंचा, तभी जानवर ने तीन लोगों पर हमला कर दिया।



## मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह सक्रिय हो सकता है मानसून
# आंधी-तूफान और बारिश... दिल्ली-यूपी समेत 8 राज्यों में अलर्ट, मप्र-छग में भी बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने यूपी, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में अभी बारिश, आंधी-तूफान का दौर जारी रहेगा। प्री मॉनसून रेन से इन राज्यों में मौसम सुहाना बना रहेगा और तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी देखने को नहीं मिलेगी। पश्चिमी राजस्थान में 24-25 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में 22 से 25 जून और उत्तराखंड में 19 से 25 जून के दौरान बारिश होने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलने से बचें और आकाशीय बिजली की कड़कड़ाहट के समय सुरक्षित स्थानों पर रहें।

### मुंबई में मानसून की दस्तक, जमकर हुई पहली बारिश




देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आखिरकार मानसून ने जोरदार दस्तक दे दी है। रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में हुई सीजन की पहली अच्छी बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई। 8 जून से महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र के पास ठहरा मानसून अब सक्रिय हो गया है। इसके साथ ही मध्य भारत में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अरब सागर से आने वाली नम हवाएं तेज बारिश का कारण बनीं इसी वजह से रविवार सुबह मुंबई के कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई।

### इन राज्यों में बारिश के आसार

दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़,पंजाब में 22 से 25 जून के दौरान तेज बारिश होने के आसार मौसम विभाग ने जताए हैं। नोएडा, गाजियाबाद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 25 जून तक हल्की फुल्की बारिश के आसार हैं. पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24-27 जून के दौरान बरसात के साथ आंधी का अलर्ट है। पश्चिमी राजस्थान में 23 से 28 जून और पूर्वी राजस्थान में 22 से 25 जून के दौरान बारिश का अलर्ट है।

### मप्र-छग व विदर्भ में आंधी-तूफान, बारिश के आसार

*मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में 22 से 25 जून के दौरान कुछ जगहों पर तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी दक्षिण पश्चिम मॉनसून आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। पश्चिमी मध्य प्रदेश में 22 से 26 जून के दौरान आंधी, तूफान, बिजली कड़कने के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में 22 से 25 जून और विदर्भ में 22 से 29 जून के दौरान बारिश होने का अलर्ट है।*

### बिहार, झारखंड में फैलेगा मॉनसून

मौसम विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार के कुछ हिस्सों में 23 जून के आसपास मॉनसून आगे बढ़ेगा। रांची, जमुईपुर, मुजफ्फरपुर, फूलबनी जैसे इलाकों में मॉनसून की बारिश का अलर्ट है।

### बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट

पश्चिम बंगाल में कोलकाता, हावड़ा और सिक्किम में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। पूर्वोत्तर भारत में भी भारी बारिश का अलर्ट है जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24, बिहार में 22 और महाराष्ट्र-तेलंगाना में 24 जून तक तेज हवा चलने का भी अलर्ट है।

### इन राज्यों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

**उत्तर और मध्य भारत :** उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़।

**पहाड़ी क्षेत्र :** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर।

**पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत :** बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, असम, त्रिपुरा और मेघालय।

**दक्षिण भारत और तटीय क्षेत्र :** केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और अंडमान निकोबार द्वीप समूह।

## मोदी की तारीफ पर छिड़ी जुबानी जंग
# कांग्रेस में 'अपनों' से आर-पार! खेड़ा के तंज पर थरूर का करारा पलटवार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के भीतर एक बार फिर अंदरूनी विवाद खुलकर सामने आ गया है। कांग्रेस सांसद सांसद शशि थरूर पार्टी के शीर्ष नेताओं के निशाने पर आ गए हैं। थरूर के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं इतनी बढ़ गई हैं कि अब वे बातें भी सुन सकते हैं जो पीएम मोदी ने कभी कही ही नहीं। वहीं शशि थरूर ने पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अमेरिका-ईरान तनाव में भारतीयों की जान जाने की असली चिंता को दूर करने के बजाय सिर्फ "राजनीतिक फायदे" उठाने में दिलचस्पी ले रही है। दरअसल, थरूर ने जी7 समिट के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुख की सार्वजनिक तौर पर तारीफ की थी।

### जो मोदी नहीं कहते, थरूर वो सुन लेते हैं : खेड़ा

थरूर के बयान पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं इतनी बढ़ गई हैं कि अब वे बातें भी सुन सकते हैं जो पीएम मोदी ने कभी कही ही नहीं। खेड़ा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि थरूर ने बिना किसी समझौते वाली कूटनीति की जो बातें सुनीं, वे कभी आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं हुईं, जबकि बाकी कांग्रेस नेता केवल अपनी आम इंसानी इंद्रियों तक ही सीमित हैं।

### कांग्रेस की राजनीतिक फायदा उठाने में दिलचस्पी : थरूर

इस आलोचना के बाद लोकसभा सांसद शशि थरूर ने तथ्यों के साथ मजबूती से पलटवार किया। थरूर ने पार्टी के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अमेरिका-ईरान तनाव में भारतीयों की जान जाने की असली चिंता को दूर करने के बजाय सिर्फ राजनीतिक फायदे उठाने में दिलचस्पी ले रही है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर स्पष्ट किया कि उनकी चिंता केवल देश के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर थी और अगर कोई इस गंभीर मुद्दे पर राजनीति कर रहा है, तो यह बात थरूर के बारे में कम और उन आलोचकों के बारे में ज्यादा बताती है।

# इजरायली सेना ने लेबनान में सुरंग के अंदर 30 हिज्बुल्लाह आतंकियों को घेरा

## *भारी लड़ाई, इजरायल के 4 सैनिक मारे गए*

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजरायल की सेना ने लेबनान में एक सीक्रेट सुरंग में कम से कम 30 हिज्बुल्लाह आतंकियों को घेर लिया है। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक तेबनित गांव में जमीन के नीचे बनाए गये एक बेस में कई दर्जन हिज्बुल्लाह के लड़ाके मौजूद है और बाहर से इजरायली सेना ने उन्हें घेर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार सुरंगों का यह नेटवर्क कुल मिलाकर एक किलोमीटर से ज्यादा लंबा है और आईडीएफ की फोर्स ने जमीन के ऊपर और नीचे दोनों जगह लड़ाई लड़ रही है।

### अमेरिकी चेतावनी के बीच इजरायल का ऑपरेशन

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने वाइट हाउस को चेतावनी दी है कि लेबनान में हिज़्बुल्लाह के खिलाफ इजरायल के लगातार ऑपरेशन से ईरान के साथ ट्रंप प्रशासन के हाल ही में हुए समझौते (मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग) पर असर पड़ सकता है। उसके बावजूद इजरायल लगातार लेबनान पर हमले कर रहा है।

### सैन्य ऑपरेशन में मारे गए इजरायली कर्नल व जवान

इस सैन्य ऑपरेशन के दौरान हिज्बुल्लाह के ड्रोन या एंटी-टैंक मिसाइल हमले में आईडीएफ की 52वीं आर्मर बटालियन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल डोर बेन सिमचोन समेत 4 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा तेबनीत इलाके में हुए एक अन्य ड्रोन हमले में कमांडो फोर्स के 5 सैनिक घायल भी हुए हैं।

### मोर्टार और ड्रोन से आतंकी कर रहे हमले

रिपोर्ट में बताया गया है कि कि हिज़्बुल्लाह के 30 आतंकवादी अंदर फंसे हुए हैं और वो मोर्टार के साथ साथ ड्रोन का इस्तेमाल करके इजरायली सेना का मुकाबला कर रहे हैं। आईडीएफ ने बताया कि यह बेस दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह के सबसे अहम हेडक्वार्टर में से एक था। इस इलाके में ऑपरेशन का मकसद उत्तरी इजरायली समुदायों के लिए लंबे समय से बने हुए खतरे को खत्म करना था।

## बैलगाड़ी दौड़...



**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुई बैलगाड़ी दौड़ में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### गोलीबारी मामले में भाजपा नेता सांपला से आज पूछताछ

**होशियारपुर।** बेहबल कलां पुलिस गोलीबारी घटना की जांच कर रहे पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता विजय कुमार सांपला को 22 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, सांपला को पूछताछ और अपना बयान दर्ज कराने के लिए जालंधर में पंजाब सशस्त्र पुलिस परिसर में पेश होने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया कि एसआईटी का मानना है कि सांपला मामले के तथ्यों और परिस्थितियों से वाकिफ हैं और चेतावनी दी गई है कि आदेश न मानने पर कानून के लागू प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए, सांपला ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करना चाहते हैं।

## तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, संशोधक और अग्रय भारतीय नौसेना में हुए शामिल
# अब भारत की क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से है : मोदी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि मजबूत समुद्री क्षमताएं किसी देश के आर्थिक और सामरिक प्रभाव को तय करने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं तथा भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है और इसके लिए तैयारी कर रहा है। मोदी ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन पोतों को नौसेना में शामिल करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार देश बनकर नहीं रहना चाहता और देश के सशस्त्र बल दुनिया के लिए महज एक बाजार नहीं बने रह सकते। उन्होंने कहा, ''हमारी क्षमताओं की पहचान आत्मनिर्भरता से है, दुनिया के लिए बाजार बनने से नहीं। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत कई गणमान्य व्यक्ति पोतों को नौसेना में शामिल किए जाने के अवसर पर उपस्थित रहे।

### नौसेना की बढ़ी ताकत

बता दें कि तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और एंटी-सबमरीन आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है। आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइल्स से लैस है।



### आईएनएस अग्रय- दुश्मन की सबमरीन खोजकर नष्ट करेगा

*आईएनएस अग्रय अर्नाला क्लास का चौथा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट यानी उथले पानी का वॉरशिप है। इसे हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और एडवांस्ड सोनार सिस्टम से लैस किया गया है। जिससे यह तटों पर तैनात दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें निशाना बना सकता है। भारतीय नौसेना के पास इस समय लगभग 140 से 145 सक्रिय वॉरशिप्स हैं। नौसेना का मुख्य लक्ष्य साल 2030 तक अपने जहाजों की कुल संख्या को 150 से 160 तक पहुंचाना है।*

### तीनों वॉरशिप की खासियत

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17**A** का 5वां स्टील्थ फ्रिगेट वॉरशिप है। इसे नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है। प्रोडक्शन कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने किया है। जहाज के कमांडिंग ऑफिसर (डिजाइनेट) कैप्टन दिव्य आलोक ने कहा कि दूनागिरी ईस्ट नेवल कमान और ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा बनेगा।

**आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा :** आईएनएस संशोधक सर्वे वेसल (लार्ज) सीरीज का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है। इसे तट और गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे, समुद्री डेटा कलेक्शन और डिफेंस-सिविल यूज के लिए बनाया गया है। बंदरगाहों और समंदर के रास्तों का सर्वे करना भी इसके मुख्य काम में शामिल है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 23 जून को करेंगी सम्मानित

# रोहित शर्मा, अलका याज्ञनिक व ममूटी समेत 65 हस्तियों को मिलेगा पद्म पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में मंगलवार को टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक, क्रिकेटर रोहित शर्मा समेत 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। इस समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस केटी थॉमस और मशहूर मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को पद्मविभूषण से सम्मानित किया जाएगा। विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक समेत सात हस्तियों को पद्मभूषण मिलेगा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू




सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण दिया जाएगा। भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा और हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया समेत 56 विभूतियों को पद्मश्री सम्मान मिलेगा। यह दूसरा नागरिक अलंकरण समारोह होगा। इससे पहले राष्ट्रपति ने 25 मई को आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए – इनमें दो पद्मविभूषण, छह पद्मभूषण और 57 पद्मश्री शामिल थे।



# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style



# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।




# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।




# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।।फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।






हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।



# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट




**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था। ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।

# सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए



**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह 'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है।




## मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

# काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'

ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।



संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*

## चिंतन

# होर्मुज को हथियार नहीं बनाएं ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग रहने दें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल लगाने की चेतावनी देकर नया तनाव खड़ा कर दिया है। इससे एक बार फिर अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। चूंकि दुनिया के ऊर्जा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज से होकर ही गुजरता है। ट्रंप का यह फैसला खाड़ी देशों के लिए भी परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा होने पर दुनियाभर के देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए दूसरे रास्ते तलाशने शुरू कर देंगे। ट्रंप के बयान ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। उनका तर्क है कि मध्य-पूर्व की सुरक्षा पर अमेरिका ने जो खर्च किया है, उसकी भरपाई इस शुल्क से की जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग को किसी देश की राजनीतिक या आर्थिक रणनीति का उपकरण बनाया जा सकता है? होर्मुज जलडमरूमध्य केवल एक समुद्री रास्ता नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी संकरे जलमार्ग से होकर गुजरता है। खाड़ी देशों से निकलने वाला कच्चा तेल एशिया, यूरोप और दुनिया के कई हिस्सों तक इसी रास्ते पहुंचता है। यदि यहां किसी प्रकार का अवरोध, टोल या सैन्य तनाव पैदा होता है तो उसका असर केवल क्षेत्रीय देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिका यदि सुरक्षा खर्च के नाम पर यहां टोल लगाने की कोशिश करता है तो यह अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और मुक्त व्यापार व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। समुद्री मार्ग किसी एक देश की जागीर नहीं होते। वे वैश्विक संपदा हैं, जिनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय नियमों और पारस्परिक सहमति के आधार पर होता है। यदि शक्तिशाली देश अपनी सैन्य ताकत के आधार पर ऐसे मार्गों पर शुल्क लगाने लगे तो भविष्य में अन्य रणनीतिक समुद्री मार्गों पर भी इसी प्रकार के दावे सामने आ सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अस्थिरता बढ़ेगी। खाड़ी देशों के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है। उनकी अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर ऊर्जा निर्यात पर निर्भर करती है। अतिरिक्त शुल्क या राजनीतिक अनिश्चितता उनके निर्यात को प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि क्षेत्र के अधिकांश देश चाहते हैं कि होर्मुज विवाद और शक्ति प्रदर्शन का मंच न बने, बल्कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री मार्ग बना रहे। भारत के लिए यह मुद्दा और भी अधिक महत्वपूर्ण है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। भारतीय तेल टैंकरों का सुरक्षित रूप से होर्मुज पार करना फिलहाल राहत की बात है, लेकिन यदि क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या टोल जैसी व्यवस्था लागू होती है तो इसका सीधा असर भारत की आयात लागत पर पड़ेगा। महंगा तेल परिवहन, उद्योग और आम उपभोक्ता की जेब पर भी बोझ बढ़ाता है। ऐसे में भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन सकती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय होर्मुज को राजनीतिक दबाव का हथियार बनने से रोके। इसे ऊर्जा आपूर्ति का मार्ग ही रहने दें। दुनिया पहले ही आर्थिक अनिश्चितताओं, महंगाई और क्षेत्रीय संघर्षों से जूझ रही है। ऐसे में होर्मुज को नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बनाना किसी के हित में नहीं होगा। बेहतर यही है कि इसे शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि वैश्विक सहयोग और आर्थिक स्थिरता के प्रतीक के रूप में देखा जाए। क्योंकि होर्मुज में पैदा होने वाली हलचल केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहती, उसकी लहरें पूरी दुनिया को प्रभावित करती हैं।

## आर्थिकी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# आयात निर्भरता होगी कम 100 उत्पाद होंगे चिन्हित

आयात निर्भरता कम करने की दिशा में भारत सरकार ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। देश में आयात में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है तो इलेक्ट्रोनिक उत्पादों का आयात 100 अरब डॉलर के आंकड़े को भी पहली बार पार कर गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र प्रथम, मेड इन इण्डिया और वोकल फॉर लोकल को केवल जुमला के स्थान पर धरातल पर उतारने को कटिबद्ध हो गए हैं। पिछले दिनों देश में 100 सर्वाधिक आयात होने वाले उत्पादों को चिन्हित कर उनका देश में ही उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किए गए हैं। उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर 3 सप्ताह में सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके लिए 6 क्षेत्र विशेष कार्य समूह का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा एक मोटे अनुमान के अनुसर 500 आयात होने वाले प्रमुख उत्पादों का अध्ययन किया जाएगा और इनमें से पहले चरण में 100 उत्पादों का चयन किया जाएगा। इन 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाया जाएगा ताकि विदेशों से आयात पर निर्भरता कम हो सके। दरअसल देश में 2025-26 में 7.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 775 अरब अमेरिकी डॉलर के उत्पाद आयात हुए हैं। इनमें भी 18 प्रतिशत की विकास दर के साथ सर्वाधिक 116 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद आयात किए गए हैं। देश में प्रमुखतः 6 क्षेत्रों में आयात हो रहा है। इनमें फार्मास्यूटिकल, बायोटेक, मेडिकल क्षेत्र, रसायन और पेट्रोकेमिकल, कपड़े, जूते आदि सेक्टर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन ईवी और पूजीगत सामानों का आयात सेक्टर, उर्जा क्षेत्र, निर्माण और संरचना क्षेत्र और रक्षा, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक आदि सेक्टर हैं। यह कमेटी इन सेक्टरों के 500 प्रमुख उत्पादों में से 100 उत्पाद चिन्हित करेंगी, जिनका उत्पादन देश में बढ़ाया जा सके और आयात में निर्भरता को कम किया जा सके। कमेटी ने काम आरंभ कर दिया है और सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि कमेटी को 3 सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देने के लिए कहा गया है। इसका मतलब यह है कि सरकार सर्वाधिक आयात होने वाले 100 उत्पादों का उत्पादन देश में ही बढ़ाने के लिए संकल्पित है। दरअसल प्रधानमंत्री वोकल फॉर लोकल की बात हवा में नहीं करते रहे हैं। मेड इन इंडिया और इसकी ब्रॉण्डिंग की बात भी हवा-हवाई ना होकर इसके पीछे आयात को कम करने और भारतीय उत्पादों की विदेशों में पहचान बनाने और बाजार विकसित करने में हैं। इसी दिशा में बढ़ता एक कदम सरकार को एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम है। एक बात तो यह साफ हो जानी चाहिए कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और पहचान रही है। आगे भी इसके ठोस प्रयास करने होंगे। दूसरी यह कि आयात का सीधा अर्थ है कि इन उत्पादों की हमारे देश में काफी मांग है और इस मांग की पूर्ति नहीं हो पर रही है और विदेशों से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में योजनाबद्ध तरीके से आयात घटाने, स्थानीय आवश्यकता की देश में ही आपूर्ति सुनिश्चित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है और सरकार के इन प्रयासों में यही परिलक्षित हो रहा है। किसी भी देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए आयात पर निर्भरता कम होनी चाहिए। देश में ही उत्पादन होने लगता है तो एक और विदेशी मुद्रा की बचत होती है तो दूसरी और देश में ही रोजगार, निवेश और सरकारी राजस्व के साथ ही इकोनॉमी का बूस्ट मिलता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन योजना सहित अनेक कदम उठाने जा रही है। इसे इस दृष्टि से शुभ संकेत व सरकार की गंभीरता के रूप में समझा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने देश में ही उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव योजना लागू की है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक, फार्मा, ऑटोमोबाइल, रसायन सहित 14 प्रमुख क्षेत्रों को प्रोडक्शन लिंक्ड इंस्टेटिव के दायरें में लाया गया है। देश में आरएण्डी सेल बनाकर शोध एवं अनुसंधान पर जोर दिया जा रहा है। विदेशों से आयात कर डंपिंग पर रोक लगाने के लिए एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के साथ ही योजनाबद्ध तरीके से मेड इन इंडिया को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। देश को आर्थिक दृष्टि से सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए आयात पर निर्भरता तो कम करनी ही होगी। आज विदेशी के नाम पर देशवासियों खासतौर से अमीर लोगों की खरीद की प्रवृति को भी बदलने की आवश्यकता है। माना जाना चाहिए कि उद्योग सचिव की कमेटी द्वारा 100 उत्पादों के चिन्हिकरण और ठोस योजना के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा भी कमेटी की सिफारिश के अनुसार चिन्हित इन उत्पादों के उत्पादन बढ़ाने की खासतौर से स्थानीय मांग की पूर्ति की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अश्लीलता की सजा सिर्फ माफी क्यों?



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

एक वह दौर था जब हास्य कवि अपनी कविता से, विदूषक अपनी हूनर से, मिमिक्री आर्टिस्ट अपने हाव-भाव से और फिल्मों के हास्य अभिनेता अपने अभिनय और संवाद से लोगों को गुदगुदाते थे और हंसाते थे। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया से लेकर टेलीविजन पर कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता और गाली पर ठहाके लग रहे हैं और तालियां पीटी जा रही है। देश में इन दिनों स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे के शो पर बवाल मचा हुआ है। इस शो में एक 22 साल के वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा के 370 रुपए के बिरयानी के बदले अपने गर्लफ्रेंड से सेक्सुअल फेवर के जरिए पैसे वसूल पर मचा बवाल शांत भी नहीं हुआ था कि इसी शो से जुड़ा एक विवाद सामने आ गया। विवाद के केंद्र में मुंबई के केईएम अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के एक मेडिकल स्टूडेंट सेजल पवार है जिसमें वह शो में बता रही है कि मेडिकल की पढ़ाई के दौरान मानव शव (कैडेवर)का कैसे विच्छेदन (डिसेक्शन) किया जाता है? इस बीच वह पुरुष जननांग को लेकर मजाक करते दिखाई देती है।

शर्मनाक यह कि शो के होस्ट प्रणीत मोरे और मेडिकल छात्रा के बीच हो रहे इस बेहुदा और आपत्तिजनक बातचीत के दौरान शो में शामिल लोग जोर से हंसने लगते हैं। दूसरी ओर शो के होस्ट मानव शव के बारे में किए जा रहे फूहड़ कमेंट को रोकने के बजाय स्टूडेंट को उकसाते नजर आते हैं। अलबत्ता उक्त दोनों वीडियो के वायरल होने के बाद एक ओर जहां हिमांशु जांगड़ा को उनके कंपनी से नौकरी से निकाल दिया है वहीं दूसरी ओर मेडिकल स्टूडेंट को केईएम अस्पताल प्रबंधन ने 15 दिनों के जबरिया छुट्टी पर भेज दिया है। सोशल मीडिया पर इस शो के दोनों वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स से लेकर जन सामान्य में काफी तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। महाराष्ट्र पुलिस के साइबर सेल और गुरुग्राम पुलिस ने प्रणीत मोरे, हिमांशु जांगड़ा और मेडिकल छात्रा सेजल पवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले पर सख्ती बरतते हुए प्रणीत और हिमांशु को आयोग के सामने पेश होने का आदेश दिया है।

अलबत्ता शो पर मचे भारी बवाल के बाद तीनों किरदारों ने सार्वजनिक तौर पर माफीनामा जाहिर किया है बावजूद लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। गर्लफ्रेंड को 370 रुपए के बिरयानी के बदले पैसे वसूलने जैसे शर्मनाक हरकत का सार्वजनिक प्रदर्शन सीधे तौर पर लैंगिक उत्पीड़न और महिलाओं के अपमान से जुड़ा मसला है। वहीं दूसरी ओर मेडिकल स्टूडेंट द्वारा मानव शव के बारे में की गई फूहड़ और आपत्तिजनक टिप्पणी सीधे तौर पर मेडिकल एथिक्स और पेशेवर कदाचरण से जुड़ा मुद्दा। कैडेवर के किसी भी अंग के बारे में की गई इस आपत्तिजनक से उन परिजनों के भावनाओं पर आघात पहुंचा है जिन लोगों ने मेडिकल स्टूडेंट्स की पढ़ाई के लिए अपना देहदान किया था। किसी शो में हास्य के नाम पर मेडिकल स्टूडेंट द्वारा मानव शव के बारे में प्रयुक्त आपत्तिजनक भाषा से देहदान जैसे स्तुत्य कार्य के प्रति लोगों में नकारात्मक भाव पैदा होगा। उक्त के दृष्टिगत अहम सवाल यह कि क्या कॉमेडी के नाम पर फूहड़ता भरे शो की सजा संबंधितों द्वारा माफी मांग लेना या शो पर कुछ दिन के लिए बैन लगा देना ही पर्याप्त है? बिलाशक नहीं।



गौरतलब है कि सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स के बीच विवाद पैदा कर पॉपुलर होने का सनक सवार है जिसके चलते वे किसी भी धर्म, व्यक्ति या महिला समुदाय के प्रति अपमान और फूहड़ता की सारी हदें लांघ रहे हैं। आलम यह है कि ऐसे शो के खिलाफ जब भी कोई शिकायत होती है तब या तो होस्ट पर छोटी- मोटी पुलिस कार्रवाई होती है अथवा शो को कुछ दिन बैन कर दिया जाता है। ऐसे लचर और लचीला कार्रवाई के कारण ही इन दिनों कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता का ज्वार उफान पर है। बहरहाल सोशल मीडिया पर मनोरंजन के नाम पर आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट परोसने का यह पहला मामला नहीं है। कालांतर में कुछ स्टैंडअप कॉमेडियन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारियां भी हुई है लेकिन फूहड़ता का सिलसिला थमा नहीं है। बीते साल यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 'इंडिया गॉट लेटेस्ट' शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में किए गए अत्यंत भद्दी टिप्पणी को लेकर संसद से लेकर सड़क में काफी विवाद हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने शो से जुड़े रणवीर को कड़ी फटकार लगाते हुए सोशल मीडिया पर उनके शो पर प्रतिबंध लगा दिया था। बीते साल ही सोशल मीडिया के एक एप्प के वेब शो ' हाउस अरेस्ट ' के अत्यंत अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद भी काफी बवाल मच था तथा शो को बैन करने की मांग उठने लगी थी। एक संगठन के कार्यकर्ता के शिकायत पर इस शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान और इस ऐप के खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हालांकि शो पर विवाद बढ़ते ही ऐप ने इस शो के सभी एपिसोड को हटाते हुए बजरंग दल से माफी मांगी ली थी।

गौरतलब है कि मनुष्य और मनोरंजन का अटूट रिश्ता है, मानव सभ्यता के विकास के साथ ही मनोरंजन के साधनों का विकास हुआ है। इंटरनेट क्रांति ने मनोरंजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसने मनोरंजन से जुड़ी सामग्रियों को प्राप्त करने और देखने के तरीके को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया के इस दौर में 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इन दिनों किशोरों और युवाओं से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा मनोरंजन माध्यम बन चुके हैं लेकिन इसकी दुश्वारियां भी सामने आ रही है। देश में सोशल मीडिया से जुड़े कड़े नियमन कानूनों के अभाव के चलते यह मीडिया अनियंत्रित है। सोशल मीडिया पर मनोरंजन, हास्य या व्यंग्य के नाम यूजर्स को कुछ भी परोसा जा रहा है। सोशल मीडिया से जुड़े अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स फ़ूहड़ और आपत्तिजनक कंटेंट के जरिए नाम और पैसा दोनों कमा रहे हैं लेकिन इस कमाई में मर्यादा तार- तार हो रही है। इसके इतर सोशल मीडिया से जुड़े यू-ट्यूब और ओटीटी प्लेटफॉर्म में एडल्ट और पोर्न कंटेंट का भरमार है जो स्कूली बच्चे से लेकर सभी उम्र के लोगों के पहुंच में है। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इंटरनेट और मोबाइल फोन ने मनोरंजन के साथ ही परिवारों को भी बांट दिया है।

वर्तमान दौर में परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने - अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर अपने पसंदीदा सोशल मीडिया या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मशगूल हैं। इन प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले रियलिटी और कॉमेडी शो तथा वेब सिरीज में बेहद अश्लील दृश्य, भद्दी गालियां, नशाखोरी और हिंसा के दृश्य परोसे जा रहे हैं। ऐसे शो और वेब सिरीज़ के चलते जहां किशोरों और युवाओं के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर चोट पहुंचा रही है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट ने अनेकों बार सरकार से इंटरनेट में प्रसारित होने वाले अश्लील और हिंसक प्रसारणों पर चिंता जताते हुए आवश्यक कदमों की जानकारी चाही थी लेकिन नतीजा सिफर रहा। इंटरनेट और सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामाग्रियों को रोकने के लिए आईटी एक्ट में धारा 66 ए का प्रावधान था लेकिन साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को रद्द कर दिया था। इस कानून के रद्द होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कंटेंट के रोकथाम हेतु कोई कानून नहीं बनाया है बल्कि सरकार पुराने भारतीय दंड संहिता 'आईपीसी' और भारतीय न्याय संहिता 'बीएनएस' के तहत कार्रवाई करती है।

संसद में ऐसे मामलों पर सांसदों द्वारा कड़े कानून बनाने की मांग की जा रही है। केंद्र सरकार भी सोशल मीडिया पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने का पक्षधर है लेकिन देश का एक तबका इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताते हुए विरोध पर उतारू हो जाता है। इस दलील के पैरोकारों को समझना होगा कि बोलने की आजादी का अर्थ स्वच्छंदता कदापि नहीं हो सकता लिहाजा मनोरंजन और मर्यादा के बीच लक्ष्मण रेखा जरूर होनी चाहिए। सोशल मीडिया से जुड़े तमाम इंफ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स को समझना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गूंथा है लिहाजा अभिव्यक्ति की आजादी और खुलेपन के नाम पर कुछ भी बोलना और दिखाना उचित नहीं है इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित

दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अपराध की दुनिया में महिलाओं की सक्रियता

आधुनिक डिजिटल युग में देश जैसे-जैसे स्मार्ट और तकनीकी रूप से उन्नत होता जा रहा है, वैसे-वैसे अपराधों की संख्या और उन्हें अंजाम देने के तौर तरीकों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। भारत में अपराध जगत में महिलाओं की भागीदारी अभी भी पुरुषों की तुलना में कम है, किंतु पिछले कुछ वर्षों में इसमें आई बढ़ोतरी निश्चित रूप से चिंतन और चिंता का विषय है। वर्तमान समय में महिलाओं की अपराधों में संलिप्तता केवल परिवार के पुरुष सदस्यों के अवैध कारोबार में सहयोग करने तक सीमित नहीं रह गई है। मादक पदार्थों की तस्करी, आर्थिक अपराध, साइबर धोखाधड़ी, बच्चों की चोरी, मानव तस्करी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी महिलाओं की भागीदारी के मामले सामने आ रहे हैं। इस संबंध में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

*-प्रदीप डांगे, भिलाई*

## ट्रेंड

### महिला हॉकी टीम को बधाई



भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया और खुशियां दीं ! एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप जीतने पर महिला टीम को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। टीम को बहुत शुभकामनाएं।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### मां के नाम एक पेड़



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर "मां के नाम एक पेड़" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। आइए, ग्रीन वॉरियर बनकर जन-भागीदारी के साथ इस अभियान से जुड़ें और एक हरित, स्वस्थ और विकसित दिल्ली बनाने में योगदान दें।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### स्वस्थ समाज का निर्माण



देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू योग को शारीरिक स्वास्थ्य और चेतना के उत्कर्ष का माध्यम मानते थे। हम उनके विचारों को आत्मसात कर स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### हिंदुओं की आस्था का केंद्र




राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। उसी राम मंदिर से करोड़ों रुपये का दान चोरी हो गया, फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस पाप में शामिल लोग चाहे कितने भी बड़े क्यों न हों, उन्हें सीधे जेल में डाल देना चाहिए। करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा करना ज़रूरी है।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में योग प्रेमियों ने योग दिवस मनाया

सिंगापुर में रविवार को एक राज्य मंत्री और भारतीय मूल के लोगों समेत सैकड़ों योग प्रेमियों ने उत्साह और समावेशन की भावना के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में अपनाए जाने के बाद से, हर साल 21 जून को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस साल के कार्यक्रम का विषय ' बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग ' है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत भारत के उच्चायोग ने इस प्राचीन अभ्यास को लोगों के करीब लाने के लिए कई आरंभिक कार्यक्रम और योग सत्र आयोजित किए।




इस मौके पर सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पाक अंबुले ने कहा, 'सिंगापुर ने बहुसंस्कृतिवाद , कल्याण और संपोषणीय विकास के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता संग योग को उत्साह और समावेशन भावना के साथ अपनाया है।' भारतीय उच्चायुक्त ने ' गार्डन बाय द बे ' में सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों और इस द्वीप-देश के बहु-राष्ट्रीय समुदाय के योग प्रेमियों का स्वागत किया। संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय तथा परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री बे याम केंग भी सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जिसमें लगभग 350 योग प्रेमी मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं।



लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है - चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# स्वीकृत क्षेत्र से बाहर चूना-पत्थर उत्खनन, 1.75 करोड़ का जुर्माना

सीएम हेल्पलाइन पर मिली एक गंभीर शिकायत का असर जिले में साफतौर पर देखने को मिला है। ग्राम डुमरडीहकला में संचालित एक चूना पत्थर खदान में हो रही अनियमितताओं को लेकर सजग नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी।

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले सख्त निर्देशों के बाद कलेक्टर राजनांदगांव ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया और तत्काल एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर धावा बोलकर एक बड़े अवैध उत्खनन का पर्दाफाश कर दिया। जांच दल में शामिल अधिकारियों ने जब स्थानीय कोटवार और ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम डुमरडीहकला के खसरा नंबर 107 की नापजोख की, तो सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत सौ फीसदी सच पाई गई। इस खसरा नंबर की कुल 2.428 हेक्टेयर निजी भूमि में से 0.587 हेक्टेयर क्षेत्र पर चूना पत्थर खदान के संचालन की वैध स्वीकृति अभय जैन पिता मोहनलाल जैन के नाम पर वर्ष 2000 से वर्ष 20 बाय 9 तक के लिए दी गई है।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर त्वरित एक्शन

### अवैध खुदाई का गणित

जांच टीम ने जब अवैध उत्खनन वाले विशाल गड्ढे की पैमाइश की तो पाया कि इसकी लंबाई 65 मीटर और चौड़ाई 1 मीटर है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि संचालक ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर 20.5 मीटर की गहराई तक अवैध खुदाई कर डाली। जिससे कुल 41 बाय 07 घन मीटर खनिज की चोरी पकड़ी गई।



### प्रदेश-जिले की संयुक्त कार्रवाई

इस गंभीर अनियमितता के पकड़े जाने के बाद प्रदेश और जिला स्तर की संयुक्त टीम ने मौके पर ही विस्तृत पंचनामा तैयार किया और नजरी नक्शा भी बनाया। इस प्रशासनिक दस्तावेज पर जांच दल के अधिकारियों, खनिज निरीक्षक, सहायक खनिज अधिकारी, स्थानीय कोटवार वेदलाल और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के हस्ताक्षर कराए गए। सीएम हेल्पलाइन के त्वरित एक्शन से हुई इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग अब इस मामले में आगे की दंडात्मक कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माना वसूलने की तैयारी में जुट गया है।

### जीपीएस से किया मिलान, मिली गड़बड़ी

*अधिकारियों ने जब मौके पर मौजूद जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का बारीकी से मिलान किया तो पाया कि स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर खसरा नंबर 107 के ही एक बड़े हिस्से में अवैध उत्खनन किया गया है। प्रशासनिक टीम द्वारा की गई वैज्ञानिक पैमाइश के अनुसार स्वीकृत क्षेत्र से बाहर लगभग 0.202 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि पर अवैध रूप से गड्ढा खोदकर चूना पत्थर निकाला जा चुका था, जब इस अवैध उत्खनन क्षेत्र की लंबाई, चौड़ाई और गहराई की माप की गई, तो आंकड़े बेहद चौंकाने वाले थे।*

## खबर संक्षेप

### बालश्रम के लिए ले जाए जा रहे 6 नाबालिग मुक्त



**महासमुंद।** जिले के प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने जिले के तुमगांव थाना क्षेत्र में बाल श्रम का मामला पकड़ा। सड़क पर एक पिकअप वाहन में बैंड पार्टी द्वारा 6 नाबालिग लड़कों को श्रम के लिए ले जाते देख उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप किया। मौके पर अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आधे पौन घंटे उपस्थित रही। डॉ. शर्मा ने मौके से ही एसजेपीयू (स्पेशल जूविनाइल पुलिस ऑफिसर), डीपीओ एवं डीसीपीओ की टीम को निर्देशित कर सभी 6 बच्चों को रेस्क्यू कराया। बच्चों को सुरक्षित तुमगांव थाना भिजवाया गया। साथ ही बाल श्रम में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी 06 जीएम 4266 पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाल श्रम जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइल्डलाइन की टीम को लगातार निरीक्षण एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आयोग निश्चित ही बाल अधिकार संरक्षण नियम 2005 के तहत धारा 13 एवं सहपठित धारा 14 के तहत विषय में संज्ञान लेगा।

## किरायेदार सत्यापन अभियान में पुलिस की बड़ी कार्वाई

# अकलतरा में संदिग्ध युवक गिरफ्तार, पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से संपर्क के मिले डिजिटल साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि युवक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े तत्वों के संपर्क में रहकर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल था। आरोपी के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉल रिकॉर्ड, कॉल रिकॉर्डिंग और विदेशी नंबरों से संपर्क के महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात कही गई है। मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रकरण मानते हुए पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इसकी गहन जांच में जुटी हैं।

- मोबाइल से वाट्सएप चैट वीडियो कॉल और विदेशी नंबरों से संपर्क के प्रमाण मिलने का दावा

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेवक सिंह (23 वर्ष) पिता बलविंदर सिंह, निवासी पट्टी, थाना पट्टी, जिला तरनतारण पंजाब के रूप में हुई है। आरोपी पिछले कुछ समय से अकलतरा के मिनीमाता चौक स्थित एक मकान में किराए से रह रहा था। थाना अकलतरा में उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 350/26 के तहत धारा 152 एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि मिनीमाता चौक स्थित मकान में अन्य राज्यों के कई लोग किराए पर रह रहे हैं। सत्यापन के दौरान सेवक सिंह के जवाब संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस ने उसका मोबाइल फोन जांच के लिए लिया। पुलिस का दावा है कि मोबाइल में पाकिस्तान, सऊदी अरब सहित अन्य विदेशी नंबरों से संपर्क के प्रमाण मिले हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी के पाकिस्तान स्थित आईएसआई समर्थित नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में रहने की बात सामने आने का दावा किया गया है।

### गहन जांच की जा रही

आरोपी के मोबाइल फोन से डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। मोबाइल फोन को जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पूरे नेटवर्क का पता लगाने मामले की गहन जांच जारी है। विभिन्न डिजिटल साक्ष्यों और विदेशी संपर्कों की कड़ियों को जोड़ने में टीम जुटी हैं। जांच के आधार पर आगे और महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है।

**विजय पाण्डेय**
एसपी, जांजगीर- चाम्पा



### आरोपी के मोबाइल में ये मिला

पुलिस ने बताया कि आरोपी के मोबाइल से वाट्सएप चैटिंग के रिकॉर्ड, वीडियो कॉलिंग का डाटा, कॉल रिकॉर्डिंग मिली है। इसी प्रकार पाकिस्तान, सऊदी अरब समेत विदेशी नंबरों से संपर्क के प्रमाण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए संदिग्ध व्यक्तियों से बातचीत के संकेत तथा संवेदनशील स्थानों और महत्वपूर्ण जानकारियों के आदान-प्रदान से जुड़े डिजिटल साक्ष्य मिले हैं।

### फोरेंसिक जांच के लिए भेजा मोबाइल

पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि आरोपी को पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से हथियार उपलब्ध कराने की योजना थी और हथियार मिलने के बाद उसे विशेष लक्ष्यों पर हमला करने अथवा टारगेट किलिंग जैसे कार्य सौंपे जा सकते थे। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन तथ्यों की पुष्टि विस्तृत विवेचना और फोरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गतिविधियां देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करने वाली प्रतीत होती हैं। फिलहाल पूरे नेटवर्क, संपर्क सूत्रों और संभावित सहयोगियों की पहचान के लिए मामले की गहन जांच जारी है। जांच के आगे बढ़ने के साथ कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# पुलिस कर्मी बनकर पहुंचे लोगों ने किया दिनदहाड़े किराना व्यापारी का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मरवाही के ग्राम उषाढ़ में दिनदहाड़े एक व्यापारी का अपहरण कर लिया गया। दो अज्ञात बदमाश पुलिसकर्मी बनकर आए और पिस्तौल की नोक पर व्यापारी को अगवा कर ले गए। इस पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें अपहरणकर्ता साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर फुटेज की मदद से जांच तेज कर दी है।

- वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया

व्यापारी की पत्नी दुर्गा यादव ने पुलिस को बताया कि उनके पति गिरीश यादव ग्राम उषाढ में किराना, छड़-सीमेंट और आटा चक्की का व्यवसाय करते हैं। दोपहर करीब 11 बजे जब गिरीश यादव घर के गलियारे में सो रहे थे और उनका बेटा पंकज दुकान पर था, तभी एक नीले रंग की कार से दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। बदमाशों ने दुकान से सिगरेट-पानी खरीदा और पंकज से उसके पिता के बारे में पूछा। पंकज जैसे ही अपने पिता को बुलाने अंदर जाने लगा, दोनों बदमाश जबरन घर में घुस गए। उन्होंने सो रहे गिरीश यादव को उठाया और स्टील रंग की पिस्तौल दिखाकर खुद को पुलिसकर्मी बताया।



### आरोपियों की तलाश

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3), 3(5), 333, 351(3) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**अविनाश मिश्रा**
एडीशनल एसपी, जीपीएम

### विरोध करने पर गोली मारने की दी धमकी

विरोध करने पर बदमाशों ने गिरीश यादव को पैर में गोली मारने की धमकी दी और उन्हें जबरन कार में बैठाकर बरौर बस्ती की ओर ले गए। पंकज ने कार के नंबर का कुछ हिस्सा ओडी 8552 देखा था। सामने आया सीसीटीवी फुटेज भी इस मामले में पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग बन गया है। घटना के बाद व्यापारी के छोटे भाई मनीष जायसवाल ने बरौर में कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश गाड़ी को मरवाही की तरफ तेजी से भगा ले गए।

## युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवती के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसे बदनाम करने के मामले में बांदे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रकरण में पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि बांदे निवासी ब्रोजेन पाल और पुणे निवासी सागर काले ने उसके साथ अवैध संबंधों के दौरान अश्लील फोटो और वीडियो तैयार किए थे। बाद में उसे बदनाम करने की नीयत से उक्त सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना बांदे में अपराध क्रमांक 50/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 77, 79, 351(2), 3(5) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(सी), 66(ई) एवं 67(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुटमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

## मेडिकल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का विरोध

# डॉक्टरों ने की जनप्रतिनिधियों से मुलाकात, मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गैर राज्यों के चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों की पंजीयन प्रक्रिया शिथिल करने के आदेश के विरोध में डॉक्टरों ने जनप्रतिनिधियों से मदद मांगी है। इस आदेश को शिथिल कराने के लिए बिलासपुर कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। हास्पिटलों में सेवा देने वाले जूनियर डॉक्टरों की अन्य समस्याओं के बारे में भी उन्हें अवगत कराकर इसमें हस्तक्षेप की मांग की गई है।

- केंद्रीय राज्यमंत्री से मिले जूनियर डॉक्टर ज्ञापन भी सौंपा

दूसरे राज्यों के डाक्टरों को प्रदेश में सेवा देने के लिए मेडिकल काउंसिल में पंजीयन संबंधी प्रक्रिया में सुविधा देने संबंधी आदेश पर डॉक्टरों में नाराजगी व्याप्त है। इसे लेकर जूनियर डॉक्टर भी विभिन्न तरीकों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले दिनों रायपुर मेडिकल कॉलेज में इस आदेश सहित अन्य मांगों के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया था। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह और सीजीडीएफ के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह ने बताया कि अपनी मांगों के संबंध में वे जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर समर्थन मांग रहे हैं।

### पंजीयन नियम की शिथिलता से मरीजों पर पड़ेगा असर

इसी दौरान सिम्स बिलासपुर के जूडा अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र साहू एवं डॉ. योगेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में डॉक्टरों ने केंद्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया गया कि पंजीयन नियम की शिथिलता से युवा चिकित्सकों के रोजगार, चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता तथा मरीजों की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग में बढ़ रही आउटसोर्सिंग का विरोध कर संवेदनशील क्षेत्र में नियमित एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता पर जोर दिया गया। इंटर्न, पीजी, बांडेड डॉक्टर्स एवं सुपर स्पेशलिटी रेजिडेंट्स को मिलने वाली छात्रवृत्ति, स्टाइपेंड एवं मानदेय को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बढ़ाने की मांग भी प्रमुखता से रखी। इसके अतिरिक्त चिकित्सकों की सेवा शर्तों, कार्यस्थल सुरक्षा, पदोन्नति, आवासीय सुविधाओं एवं कार्य परिस्थितियों में सुधार की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि युवा चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण और सम्मानजनक सुविधाएं मिलेंगी तो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी तथा प्रतिभाशाली चिकित्सक छत्तीसगढ़ में ही अपनी सेवाएं देना पसंद करेंगे।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
स्किन क्लिनिक
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ हेडक्वार्टर के भूमि पूजन करेंगे शाह

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के बुनियादी ढांचे को और अधिक आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज सोमवार, को नई दिल्ली स्थित सीजीओ कॉम्पलेक्स में सीआईएसएफ के नए मुख्यालय भवन का भूमिपूजन करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे आयोजित होगा। सीआईएसएफ देश के सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा बलों में से एक है, जो हवाई अड्डों, मेट्रो रेल नेटवर्क, परमाणु एवं अंतरिक्ष प्रतिष्ठानों, बंदरगाहों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों सहित देश की रणनीतिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहा है।



### आजम की बढ़ीं मुश्किलें आईटी ने भेजा नोटिस

रामपुर। जेल में सजा काट रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। खान के जौहर ट्रस्ट को आयकर विभाग ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में नोटिस जारी किया है। भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना का कहा कि ट्रस्ट में खान के परिवार के लोग हैं।



### बैठक का उद्देश्य तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाना

# गुरुग्राम में जुटेंगे ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा सुरक्षा से हरित भविष्य तक बनेगी साझा रणनीति

*भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रही ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक 25 और 26 जून को हरियाणा के गुरुग्राम में होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्रिक्स समूह के सभी 11 सदस्य देशों के ऊर्जा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। बैठक का उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा, सतत विकास और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाना है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता वर्ष 2026 की थीम "बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड स स्टे नेबिलिटी" (लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण) पर आधारित है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप बैठक में वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण जैसी चुनौतियों के बीच ब्रिक्स देशों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। गुरुग्राम में होने वाली बैठक इन मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।




#### तीन प्रमुख मुद्दों पर रहेगा फोकस

दो दिवसीय बैठक में तीन प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास, ऊर्जा तक समान पहुंच और न्यायसंगत उपलब्धता, प्रौद्योगिकी और नवाचार। बैठक में ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा संक्रमण की चुनौतियों से निपटने तथा नई तकनीकों के विकास और साझा उपयोग जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।

#### वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में बढ़ रहा है ब्रिक्स का महत्व

ब्रिक्स समूह में वर्तमान में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और इंडोनेशिया शामिल हैं। दुनिया की बड़ी आबादी, ऊर्जा खपत और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा इन देशों से जुड़ा है। ऐसे में ऊर्जा क्षेत्र में इन देशों के बीच सहयोग वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

#### ग्लोबल साउथ की आवाज को मिलेगा मंच

भारत इस बैठक के माध्यम से ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की प्राथमिकताओं को प्रमुखता से उठाने की कोशिश करेगा। ऊर्जा तक सस्ती और समान पहुंच, विकासशील देशों के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग तथा न्यायपूर्ण ऊर्जा संक्रमण जैसे विषय भारत के एजेंडे में प्रमुख रह सकते हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह बैठक न केवल सदस्य देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को नई दिशा देगी, बल्कि एक अधिक समावेशी, टिकाऊ और संतुलित वैश्विक ऊर्जा भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।


#### सदस्य देशों को ऊर्जा सहयोग में मिलेगी नई दिशा

सरकारी सूत्रों के अनुसार यह बैठक न केवल सदस्य देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को नई दिशा देगी, बल्कि एक अधिक समावेशी, टिकाऊ और संतुलित वैश्विक ऊर्जा भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। गुरुग्राम में होने वाली यह बैठक भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों में से एक मानी जा रही है और इससे ऊर्जा क्षेत्र में बहुपक्षीय सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### गेमिंग फर्मों पर सेंट्रल जीएसटी का बड़ा छापा

# '300 करोड़' की टैक्स चोरी मौके पर 1 करोड़ जमा कराए

**तीनों फर्में एक ही पते से संचालित हो रही थीं**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सतना

ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ सेंट्रल जीएसटी जबलपुर की एंटी इवेजन ब्यूरो टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार देर रात सतना में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी तीन बड़ी फर्मों पर एक साथ दबिश दी गई। शुरुआती जांच और वित्तीय लेन-देन के आंकड़ों के आधार पर लगभग 300 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का अनुमान लगाया गया है। अधिकारियों की सख्ती के बाद फर्म संचालकों ने प्राथमिक तौर पर मौके पर ही 1 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में जमा करा दिए हैं। यह पूरी कार्रवाई सतना शहर के पुष्करणी पार्क के पास स्थित एक कॉलोनी में की गई। खास बात यह है कि ये तीनों फर्में एक ही पते से संचालित हो रही थीं और इनके डायरेक्टर (निदेशक) भी एक ही हैं।

#### स्थानीय पुलिस-ऑफिस को भनक तक नहीं

जबलपुर से आए आधा दर्जन से अधिक सीनियर अधिकारियों की यह कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि सतना स्थित सेंट्रल जीएसटी के स्थानीय कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं लगने दी गई। जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के तहत कार्रवाई करते हुए टीम ने इन फर्मों के कारोबार, बैंक खातों और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से जुड़े तमाम अहम दस्तावेजों को जब्त कर लिया है।

### 62.42 करोड़ बैंक धोखाधड़ी

## मुंबई की फर्म 'वन वर्ल्ड सोर्सिंग' के कई ठिकानों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने मुंबई स्थित फर्म एम/एस वन वर्ल्ड सोर्सिंग और उसके साझेदारों के खिलाफ कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज किया है।

आरोप है कि फर्म ने बैंकों से अधिक ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए, वित्तीय दस्तावेजों में हेराफेरी की, जिससे भारतीय बैंक को लगभग 62.42 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने यह मामला 18 जून को इंडियन बैंक, सैम शाखा, मुंबई की शिकायत के आधार पर दर्ज किया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फर्म, उसके साझेदारों, अज्ञात लोक सेवकों और अन्य निजी व्यक्तियों ने आपराधिक साजिश रचकर बैंकों को गलत वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराई। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने कथित रूप से देनदारों के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया तथा अन्य वित्तीय सूचनाओं में भी हेरफेर की।

### 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा

# रिजिजू बोले- राहुल बस एक मोहरा सुनियोजित दुष्प्रचार कर रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' परविवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस मोदी सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं सरकार प्रोजेक्ट से होने वाले फायदे गिनाने में लगी है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है। रिजिजू ने कहा कि राहुल रणनीतिक और राष्ट्रीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण 'ग्रेट निकोबार आईलैंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट' के खिलाफ एक सुनियोजित प्रचार फैला रहे हैं। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि विपक्ष का यह रवैया केवल एक बहाना है, जिसका असली मकसद भारत को भविष्य में मिलने वाली रणनीतिक बढ़त और विकास को रोकना है।

#### संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कांग्रेस पर बोला हमला





**राहुल ने अंडमान में स्कूबा डाइविंग पर 26 करोड़ खर्च किए**

रिजिजू ने दावा करते हुए कहा कि राहुल ने अंडमान में स्कूबा डाइविंग पर 26 करोड़ खर्च किए और इसे समुद्री जीवन की चिंताओं से जोड़कर इस प्रोजेक्ट के खिलाफ जानबूझकर माहौल बनाया गया है। भारत के पर्यावरण कानून बेहद मजबूत हैं और कोई भी मनमाने ढंग से पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट नहीं कर सकता।

#### सरकार ने उठाए कई ऐतिहासिक कदम

परियोजना के आर्थिक और सामरिक महत्व को समझाते हुए मंत्री रिजिजू ने 'ब्लू इकोनॉमी' और 'डीप ओशन मिशन' की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने 5,000 मीटर की गहराई में जाकर खनिजों की खोज जैसे बड़े कदम उठाए हैं, जो देश के लिए ऐतिहासिक हैं। रिजिजू ने कहा कि राहुल तो बस एक मोहरा है।

### विदेशी आकाओं से जुड़े गैंगस्टर के तीन गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने विदेशी आकाओं से जुड़े एक गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए इसके तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि इनके पास से विदेश निर्मित तीन आधुनिक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अनमोल सिंह उर्फ मोहला और जगरूप सिंह उर्फ रूपा (दोनों बटाला निवासी) तथा अमृतसर के गेट हकीमा स्थित कवाड़िया वाली पुली निवासी मोहित कुमार उर्फ जोबन के रूप में हुई है।

### केंद्र सरकार ने दिया तीसरा सेवा विस्तार

## अधिवक्ता मेहता 2029 तक बने रहेंगे सॉलिसिटर जनरल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

देश के दूसरे सबसे बड़े विधिक अधिकारी (सॉलिसिटर जनरल) तुषार मेहता अगले 3 वर्षों तक अपने पद पर बने रहेंगे। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही 1 जुलाई 2026 से उनका चौथा कार्यकाल शुरू होगा, जो 30 जून 2029 तक चलेगा। यह उनका लगातार तीसरा सेवा विस्तार है। वरिष्ठ अधिवक्ता तुषार मेहता पिछले कई सालों से सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामलों की पैरवी कर रहे हैं। उन्हें पहली बार 2018 में इस पद पर नियुक्त किया गया था, जिसके बाद उन्हें 2020, 2023 और अब 2026 में सेवा विस्तार मिला है।



■ एसीसी ने उनका कार्यकाल तीन साल बढ़ाने की दी मंजूरी

### शिक्षा मंत्री ने दिया भरोसा

## सीबीएसई 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया पूरी, रिजल्ट जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं की री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) प्रक्रिया को लगभग पूरा कर लिया गया है और बोर्ड किसी भी समय इसके नतीजे घोषित कर सकता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी पुष्टि की है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने संशोधित अंक चेक कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री ने नीट यूजी री-एग्जाम के दौरान सीबीएसई नतीजों पर भी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 12वीं के कुल 17 लाख छात्रों में से करीब 15.5 लाख छात्रों के परिणाम पहले ही जारी किए जा चुके हैं।



■ 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के आवेदन में देरी से चिंतित छात्र

### सीजेपी ने टॉर्च जलाकर प्रदर्शन किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार पूरी रात और रविवार को भी दिल्ली के जंतर-मंतर पर डटे हैं। अभिजीत दीपके ने कहा है कि जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, वे यहां से नहीं हटेंगे। पार्टी के समर्थकों ने मोबाइल फोन का टॉर्च जलाकर विरोध प्रदर्शन को जारी रखा। दिल्ली पुलिस ने

## जंतर-मंतर पर सभी समर्थक रहे खड़े, प्रधान के इस्तीफे पर अड़े



शनिवार शाम को 5 बजे बाद प्रदर्शन को जारी रखने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने अपील की थी कि उन्हें जंतर-मंतर छोड़ देना चाहिए। दीपके ने एक्स पर एक वीडियो जारी कर अपील की है कि रविवार सुबह 9 बजे सभी लोग जंतर-मंतर पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि लोगों के समर्थन के बिना उनकी यह मुहिम सफल नहीं होगी। उन्होंने अपनी मांग को दोहराया कि प्रधान को इस्तीफा देना पड़ेगा वरना वे जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे।

#### वांगचुक भी हुए शामिल 27 से अनशन शुरू करेंगे

इस दौरान जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। वांगचुक ने घोषणा की कि यदि मंत्री प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने दीपके के आह्वान पर 'थाली और चम्मच बजाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूरा प्रदर्शन स्थल 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' के नारों से गूंज उठा। दीपके ने कहा कि अगर थाली बजाने से कोरोना को भगाया जा सकता है, तो थाली बजाकर प्रधान को भी भगाया जा सकता है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur-6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

**आवश्यकता है-** रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, सत्तीबाजार- अंग्रेजी माध्यम पीपी1- पीपी2 एवं 6वीं से 10वीं सभी विषय, पहली से 8वीं कम्प्यूटर टीचर, 11वी-12वी फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायो, गणित, हिंदी हेतु शिक्षिकाओं, कम्प्यूटर ऑपरेटर, क्लर्क, आयाबाई, चपरासी। **साक्षात्कार 25.06.2026, प्रातः 10 बजे कसार गली, सत्तीबजार: 0771-2241548.** (RO-091)

**आवश्यकता है-** प्रकाश पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में सोशल साइंस, विज्ञान बीएड टीचर,कंप्यूटर टीचर, क्लर्क व आया महिला स्टाफ की आवश्यकता है **संपर्क - सेक्टर -11, जोन - 1,खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.** (आरो -297)

**आवश्यकता है-** SANSKAR MODEL SCHOOL ANJORA REQUIRED ENGLISH MEDIUM POST-GRADUATE TEACHERS FOR CLASS NURSERY TO 12 ALL SUBJECTS M.ED, B.ED , D.EL.ED COMPULSORY 9425247392, 9202329113, **संपर्क- संस्कार मॉडल स्कूल अंजोरा** (RO-298)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** राखी दुकान में काम करने के लिए लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। **संपर्क करें- गोपी राखी बंजारी रोड रवि भवन के पास रहमानिया चौक रायपुर संपर्क- 7024636503, 9827180503.** (RO-866)

हरिभूमि

### हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे- 6232022676.** (आरो-460)

**आवश्यकता है-** पचपेड़ी नाका में कार्य हेतु हाउसकीपिंग सुपरवाईजर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर (लक्जरी ऑटोमैटिक कार अनुभवी), सुरक्षा गार्ड (रहने की सुविधा उपलब्ध) पाँच वर्षीय अनुभवी **संपर्क करे- 9425288233.** (RO-680)

### कुक

**आवश्यकता है-** रायपुर चन्दखुरी पशु अस्पताल में 15-20 कर्मचारीयों के लिए नाश्ता और दो टाईम खाना बनाना हेतु कुक की आवश्यकता हैं। अच्छा वेतन, रहने खाने की सुविधा हैं। **संपर्क- 72258-88800.** (RO-090)

**आवश्यकता है-** अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता घरेलू कार्य एवं खाना बनाने हेतु। समयः शाम 5 बजे से सुबह 9 बजे तक। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतनः 10,000 प्रतिमाह। **संपर्क: 9826708233.** (आरो-SPD/0059)

### सेल्सगर्ल/आपरेटर

**आवश्यकता है-** फटाका दुकान में कार्य हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्स गर्ल (युवती) की। आवेदन एवं आधार कार्ड के साथ **सम्पर्क करें- फटाका एण्ड फटाका भण्डार, फूलचौक, रायपुर, तेज शंकर गोयल- 9300636079, 8770286674.** (RO-092)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** अस्पताल में दवा दुकान हेतु अनुभवी लड़का, गार्ड, ड्राइवर, PRO, OT, टेक्नीशियन, आया बाई **कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153.** (RO-267)

**आवश्यकता है-** पंचकर्म थेरेपिस्ट ,पुरुष 2, महिला 2 , सैलरी -7000/-10000/-, **पता - माधवबाग आयुर्वेदिक क्लीनिक, स्मृति नगर, भीलाई, छ. ग. समय -10 से शाम 07 , सम्पर्क -7000836094.** (RO-299)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता -** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-, 8085533493.** (Ro-367)

### अन्य

**आवश्यकता है-** जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 - 42 ) सैलरी- 26500/- 45500/- आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप / **कॉल करे - 8400406891.** (RO-091)

## Property प्रापर्टी

**जमीन बेचना है-** दुर्ग ग्राम नगपुरा में एक एकड़ बियासी डिसमीन जमीन सर्व सुविधा युक्त डामर रोड से लगा व्यवासयिक जमीन बेचना बेचना है है **संपर्क करें मोबाइल नंबर 9300604957.** (RO-om)

## Services सर्विसेस

**सर्विस-** मैनेजमेंट कार्य बिजनेस पार्टनर बने घर बैठे एवं जमीन खरीदी बिक्री हेतु कमाए लाखों में हर रविवार मिले 11 से 5:00 बजे तक **स्टेशन रोड डेरहा विश्राम गृह मो. 7447035991.** (RO-867)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** बंधन फाइनेंस द्वारा दुकानदार, होलसेल, कृषि लोन, ग्रुपलोन, बिजनेस लोन 2 प्रतिशत ब्याज में। 25. हजार से 30 लाख तक लोन वीकली या मंथली आसान किश्तों में। **संपर्क:- 9770833099.** (RO-4560)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152






*खुफिया सूचनाओं के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा के दौरान छोटी मिसाइल यानी हैंड ग्रेनेड से हमला, ड्रोन-अटैक, फिदायीन हमला और आईईडी से नुकसान पहुंचान का संभावित खतरा बना हुआ है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों ने उक्त खतरों का तोड़ निकाल लिया है। केंद्रीय बलों के खोजी कुत्तों को यात्रा रूट पर लगाया जा रहा है। ये कुत्ते संदिग्ध सामान की जांच में विशेष सहयोग करते हैं। खोजी कुत्ते जमीन में चार फुट नीचे दबी विस्फोटक सामग्री खोज निकालते हैं। इसी के साथ ही सेना के ड्रोन भी यात्रा मार्ग पर निगरानी रखेंगे और उनके अनुसार यात्रा को सुचारू रूप दिया जाएगा।*

# आगे-आगे चलेगा खोजी कुत्तों का दल, ऊपर उड़ेंगे ड्रोन, अमरनाथ यात्रा में सख्त रहेगी भक्तों की सुरक्षा

**अगले पखवाड़े से शुरू हो रही यात्रा, 'छोटी मिसाइल-ड्रोन-आईईडी हैं चुनौती**

एजेंसी ▶▶| जम्मू

अमरनाथ यात्रा के दौरान ओएफसी केबल्स, डीएमआर कम्युनिकेशन, दिन और रात निगरानी करने वाले कैमरों की मदद ली जाएगी। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक राज्य में लगभग पचास विदेशी दहशतगर्द और दर्जनों ओवर ग्राउंड वर्कर भी सक्रिय हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने का फुलप्रूफ प्लान तैयार कर लिया है।

**खोजी कुत्ते संदिग्ध वस्तु की जानकारी देंगे :** केंद्रीय बलों के खोजी कुत्तों को यात्रा रूट पर लगाया जा रहा है। ये कुत्ते संदिग्ध सामान की जांच में विशेष सहयोग करते हैं। खोजी कुत्ते जमीन में चार फुट नीचे दबी विस्फोटक सामग्री खोज निकालते हैं। संदिग्ध व्यक्ति अगर इनकी नजर में आ जाए तो संबंधित केंद्रीय बल तक वह जानकारी पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं अगर यह किसी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हैं तो हमला भी कर देते हैं।

### एक कुत्ता पांच किमी फिर दूसरे की ड्यूटी शुरू

एक खोजी कुत्ता चार-पांच किलोमीटर का रास्ता तय कर यह सुनिश्चित करता है कि आगे की राह ठीक है। अगर कोई खतरा है तो खोजी कुत्ता उसे भांप लेता है। खोजी कुत्ते की सूंघने की क्षमता चार किलोमीटर दूरी तक होती है। उसके बाद कुत्ते को गाड़ी में बैठा दिया जाता है। दूसरे कुत्ते को ड्यूटी पर उतारा जाता है। इस प्रकार इस बार की यात्रा में सेना के दर्जनों कुत्ते पूरे मार्ग पर तैनात रहेंगे।

### दो सौ किमी रूट को कुत्ते करेंगे क्लीयिर

अमरनाथ यात्रा के लिए जवाहर टनल से निकलने वाले दोनों रास्ते, पहलगाम और बालटाल के करीब दो सौ किलोमीटर लंबे रूट को यही खोजी कुत्ते क्लीयर करते रहे हैं। प्लास्टिक बैग या टिफिन बॉक्स में रखी विस्फोटक सामग्री तलाशने के लिए इन कुत्तों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें कि ये कुत्ते इतने प्रशिक्षित हैं कि अगर कोई यात्री निर्धारित रूट को छोड़कर दूसरे रूट में जाएगा तो ये उसको वहां से लौटा लाएंगे।



### घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली का इस्तेमाल

अमरनाथ यात्रा के दौरान ओएफसी केबल्स, डीएमआर कम्युनिकेशन, दिन और रात निगरानी करने वाले कैमरों की मदद ली जाएगी। ये उपकरण 'व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली' का हिस्सा होंगे। इनकी मदद से यात्रा के रूट पर घुसपैठ का पता लगाया जा सकेगा।

### आतंकियों के मुखौटे संगठनों व मददगारों पर खास नजर

ओवर ग्राउंड वर्कर, आतंकियों को जरूरी सूचनाएं एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा मुहैया कराते हैं। पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के जम्मू कश्मीर में मौजूद मुखौटे आतंकी संगठन जैसे 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' और पीएएफएफ की गतिविधियों पर खास नजर रखी जा रही है। ये आतंकी संगठन, ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से हमले को अंजाम देते हैं।

**यात्रा रूट पर हैं ये संभावित खतरे**

- यात्रा मार्ग पर आईईडी का जोखिम
- वाहनों पर चिपकने वाला बम लगाना
- आतंकियों के मददगार ओवर ग्राउंड वर्कर
- यात्रा में टारगेट किलिंग का खतरा
- 'छोटी मिसाइल' का इस्तेमाल कर सकते हैं आतंकी
- यात्रा रूट पर 'ड्रोन' से बम गिराना
- फिदायीन अटैक के खतरे से इनकार नहीं

## जैकेट के शेष

### हिजाब पर बहस, उतरवाया ....

आयोजित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए 51,311 जैमर लगाए गए हैं। अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में आने वाली यात्रा संबंधी कठिनाइयों को उठाया। भोपाल में दो अभ्यर्थियों को देर से पहुंचने के कारण परीक्षा केंद्र में प्रवेश से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों में से एक के चाचा आमिर कादरी ने कहा, मैं अपने भतीजे के साथ उसकी परीक्षा के लिए यहां आया हूं। परीक्षा केंद्र जाते समय हम दुर्घटना का शिकार हो गए और हमें थोड़ी देर हो गई, क्योंकि मेरे भतीजे को प्राथमिक उपचार दिया गया। अब जब हम यहां पहुंच चुके हैं, तो हमें प्रवेश से वंचित किया जा रहा है। अधिकारी कह रहे हैं कि परीक्षा शुरू हो चुकी है और हमें प्रवेश की अनुमति देना संभव नहीं होगा। भारी बारिश ने कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों को प्रभावित किया, जिससे शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया और यातायात व्यवस्था बाधित हो गई। गुजरात में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2026 शुरू हुई। परीक्षा को सुचारू और निष्पक्ष ढंग से आयोजित करने के लिए गुजरात पुलिस ने परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन और सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया। गुजरात पुलिस के अनुसार, राज्य में 211 केंद्रों पर लगभग 79,400 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुआ। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार में लाखों अभ्यर्थी नीट-यूजी पुनर्परीक्षा दे रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने परीक्षा से पहले पत्रकारों से कहा, परीक्षा के लिए सर्वोत्तम व्यवस्थाएं की गई। दिल्ली में पुनः परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी किशन ने कहा कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था पहले की परीक्षा की तुलना में अधिक सख्त है।

**19 साल की छात्रा ने कर ली खुदकुशी :** इधर, हैदराबाद में 19 साल की एक नीट छात्रा ने आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसके अपार्टमेंट में फंदे से लटका शव मिला। पुलिस को आशंका है कि उसने री-एग्जाम के दबाव में यह कदम उठाया। मौके से मिले सुसाइड नोट में छात्रा ने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। हिसार में भी एग्जाम से ठीक पहले 19 साल की एक छात्रा ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। बरवाला क्षेत्र के गांव ढाणी खान बहादुर की सिमरन 2 बार नीट दे चुकी थी।

### सिपाही व हवलदार ....

हवलदार समेत 2 सिपाही उसे जेल से लेकर सेंटर रवाना हुए। पूरी परीक्षा के दौरान स्पेशल सुरक्षा टीम तैनात रही। डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय में उक्त परीक्षार्थी को सेंटर मिला था।

### आरक्षक की छाती पर ....

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर तीन युवकों की मौत हो गई थी। बाइक सवार ग्राम बैकोना निवासी रूपचंद पैकरा (18 वर्ष), रवि पैकरा (16 वर्ष), ओमप्रकाश पैकरा (15 वर्ष) व अरमान पैकरा (17 वर्ष) एक बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की रात अपने गृह ग्राम से ग्राम खजुरी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान युवकों की तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क किनारे ट्रक से टकरा गए थे। हादसे में रूपचंद पैकरा, रवि पैकरा, ओमप्रकाश पैकरा की मौत हो गई थी जबकि अरमान पैकरा घायल हो गया था। युवकों की मौत से आक्रोशित भीड़ ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया था। इसी घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम घटना स्थल पर पहुंची थी। दो युवकों को अस्पताल पहुंचाने के बाद जब डायल 112 की टीम जब दोबारा दो अन्य युवकों को लेने के पहुंची तो आक्रोशित भीड़ ने डायल 112 की टीम पर ही हमला कर लिया। लोगों ने डायल 112 के आरक्षक निशांत टोप्पो आ.पी टोप्पो चालक विजय कुमार पटेल के साथ मारपीट की। भीड़ में शामिल लोगों ने आरक्षक निशांत टोप्पो की वर्दी फाड़ दी और उसके छाती पर बैठकर बेरहमी से पीटा जबकि विजय कुमार पटेल को लात-मुक्कों से मारा। इस दौरान शिवपुर के ग्रामीणों ने किसी तरह आरक्षक व चालक को बचाकर बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर मुकेश आ. मोहर साय, सिजय पैकरा आ. मोहर लाल पैकरा, नरेश आ. धरम व संतोष पैकरा के चालक समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 121(1), 132,190,191(2), 221, 296 के तहत अपराध दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### चेकिंग के नाम ....

चेकिंग करने और ट्रक को रोकने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस आरक्षक की ओर से की गई शिकायत में यह कहा गया है कि जब वे दोबारा घायलों को लेने घटनास्थल पहुंचे तो लोगों ने देर से आने का आरोप लगाकर मारपीट की। इस दौरान उन्होंने बताया भी कि इसके पहले उन्होंने दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### अमोनिया गैस लीक ....

जाया गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कन्निगापैर गांव के पास स्थित फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव की घटना में लोगों की जान जाना बेहद दुखद है और कई श्रमिकों के घायल होने की खबर चिंताजनक है।

### रेलवे ट्रैक की ....

आधुनिक तकनोकों का इस्तेमाल किया जाएगा। सेंसर से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल कर सिस्टम ट्रैक की मजबूती और उसकी उसकी स्थिति की रखरखाव करेगा। रेलवे के मुताबिक, आईआईटी गुवाहाटी और भुवनेश्वर मिलकर ऑटोनॉमस यूनिटरी सिस्टम फॉर इंस्पेक्शन एंड मॉनिटरिंग ऑफ परमानेंट वे नाम की एक हाईटेक प्रणाली की तैयारी कर रही है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह रोबोटिक मॉडल अभी तैयार नहीं हुआ है। आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी भुवनेश्वर मिलकर इस पर काम कर रहें हैं। हालांकि तैयार होने के बाद इसका ट्रायल पूर्वोत्तर रेलवे में किया जाएगा और अगर यह सफल रहा तो फिर इसे देशभर में लागू किया जाएगा।

**क्या है ये नई तकनीक?:** 00 यह रेलवे पटरी की लगातार निगरानी करेगा 00 सेंसर ट्रैक की मदद से पटरी पर होने वाले छोटे बदलाव और उसकी खराबी की जानकारी देगा 00 एआई सिस्टम इन आंकड़ों के बारे में रेलवे को अलर्ट देगा ।

# सबरीमाला मंदिर की सुरक्षा अब एआई के हवाले, नया हाई-टेक सिस्टम लागू

**केरल हाईकोर्ट ने भी मंजूरी दे दी है 'विज़न सबरीमाला' प्रोजेक्ट को**

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

सबरीमाला मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिस्टम लागू किया जाएगा। त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने इस पहल को 'विज़न सबरीमाला' प्रोजेक्ट के तहत आगे बढ़ाया है, जिसे केरल हाई कोर्ट से भी मंजूरी मिल चुकी है। टीडीबी अध्यक्ष के. जयकुमार के अनुसार यह सिस्टम कई आधुनिक तकनीकों का मिश्रण होगा। इसमें हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरे, इन्फ्रारेड सेंसर, ड्रोन और जीपीएस मैपिंग के जरिए पूरे मंदिर परिसर और रास्तों पर नजर रखी जाएगी।

सुरक्षा के लिए फेशियल रिकग्निशन तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। अगर कोई बच्चा या बुजुर्ग भीड़ में लापता हो जाता है तो कैमरा नेटवर्क में तस्वीर अपलोड करते ही उसे मिनटों में ट्रैक किया जा सकेगा। यह सिस्टम संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में भी पुलिस की मदद करेगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस एआई सिस्टम के लागू होने से हर साल बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती पर निर्भरता कम होगी। साथ ही हर सीजन में अधिकारियों के बदलने के बावजूद भीड़ प्रबंधन एक समान और व्यवस्थित रहेगा।



### भीड़ बढ़ने पर प्रशासन को भेजेगा अलर्ट

टीडीबी अध्यक्ष ने बताया कि एआई सिस्टम भीड़ बढ़ने से पहले ही उसका अनुमान लगाकर प्रशासन को अलर्ट भेजेगा। इस तकनीक के जरिए श्रद्धालुओं को भी रियल-टाइम जानकारी मिलेगी कि किस मार्ग पर कितनी भीड़ है और दर्शन के लिए कितना इंतजार करना पड़ सकता है। यह सिस्टम बिल्कुल गूगल मैप्स की तरह काम करेगा और यात्रियों को सुरक्षित व बेहतर मार्ग सुझाएगा।

### अगस्त तक पूरा होगा शुरुआती काम

टीडीबी ने बताया कि परियोजना पर अंतिम चरण की चर्चा चल रही है और जल्द ही इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लक्ष्य है कि अगस्त तक सभी तकनीकी और प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी कर इसे लागू कर दिया जाए। 'क्लीन सबरीमला, ग्रीन सबरीमला' अभियान के तहत मंदिर परिसर को प्लास्टिक-मुक्त बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

**पड़ोसी राज्यों में जागरूकता अभियान :** चूंकि हर साल लाखों श्रद्धालु दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों से यहां आते हैं, इसलिए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु में स्थानीय भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह पहल भारत में धार्मिक स्थलों के डिजिटल और स्मार्ट मैनेजमेंट की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है, जिससे सुरक्षा, सुविधा और पर्यावरण—तीनों क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है।

**महुआ पर भड़कीं बागी सांसद**

# काकोली बोली- बंगाल की जनता आपकी अराजकता के खिलाफ



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और बागी नेताओं के बीच चल रही खींचतान कम होने का नाम नहीं ले रही है। पार्टी की बागी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने सीनियर टीएमसी लीडर महुआ मोइत्रा के बयान पर तीखा पलटवार किया है। काकोली घोष ने कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की राजनीति और उनके नैरेटिव को नकार चुकी है। काकोली घोष ने महुआ मोइत्रा के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने बागी सांसदों के सियासी भविष्य पर सवाल उठाए थे। तृणमूल कांग्रेस की बागी सांसद काकोली घोष ने कहा, यह सिर्फ आपकी मनगढ़ंत सोच है। बंगाल की जनता ने आपको हरा दिया है और उनका जनादेश साफ तौर पर आपकी अराजकता के खिलाफ है। कोई भी आपको या आपकी बातों को स्वीकार नहीं कर रहा है।

**असम में वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़**

# एसटीएफ ने आठ गोल्डन लंगूरों को बचाया, नौ गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक बड़े वन्यजीव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है और आठ दुर्लभ गोल्डन लंगूरों को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई चिरांग जिले में शुक्रवार रात की गई। एसटीएफ को गोल्डन लंगूरों की अवैध तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद चिरांग पुलिस की मदद से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सिदली थाना क्षेत्र के बामुनगांव रोड से नौ कथित वन्यजीव तस्करों को पकड़ा गया और उनके पास से आठ गोल्डन लंगूर बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गोल्डन लंगूर एक अत्यंत दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजाति है। बरामद किए गए लंगूरों की काले बाजार में अनुमानित कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई जा रही है।

- 16 लाख के आठ गोल्डन लंगूर बरामद

## पेज एक के शेष

### योग के दिखे कई रंग...

इस दौरान पीएम मोदी ने घूम-घूमकर योग सिखाते भी दिखे। भारत की राष्ट्रपति ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कई अभिनेता-अभिनेत्रियों ने भी योगासन किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता के मशहूर रेड रोड पर हजारों लोगों के साथ योग किया। यह कार्यक्रम 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था।

### योग को दिनचर्या का...

आत्मबल, अनुशासन, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" वर्तमान समय की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करती है।

### बैज कर रहे जल-जंगल ....

जाएं। इसके माध्यम से लोगों को पार्टी से जोड़ें। सभी जिलाध्यक्षों से कहा कि अच्छा काम करें, आने वाले समय में विधानसभा चुनाव के पूर्व सभी तैयारियों पर ध्यान दे और अपने जिले के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का काम करें।

### फ्लेक्स में तस्वीर नहीं...

रुके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंच पर पहुंचने के बाद विधायक ईश्वर साहू की नजर कार्यक्रम के मुख्य फ्लेक्स पर पड़ी। फ्लेक्स में अन्य जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें थीं, लेकिन अपनी तस्वीर नहीं देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने इसे अपने सम्मान और प्रोटोकॉल से जुड़ा विषय बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई और अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल से बाहर चले गए। विधायक के कार्यक्रम से बाहर निकलते ही प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एसडीएम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी तत्काल विधायक के पास पहुंचे और उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। काफी देर तक चली बातचीत और मान-मनौव्वल के बाद विधायक कार्यक्रम स्थल लौटे, जिसके बाद योग दिवस का मुख्य आयोजन शुरू हो सका।

### गोढ़ी राखड़ बांध का...

राखड़ डंप होने की वजह से तटबंध टूट गया। राखड़ बांध के तटबंध टूटने की सूचना मिलने पर संयंत्र प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में मरम्मत कार्य शुरु कराया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र से उत्सर्जित राखड़ के विस्थापन के लिए गोढ़ी के समीप राखड़ बांध का निर्माण किया गया है जिसके लिए आसपास के ग्राम गोढ़ी, नकटीखार, पंडरीपानी के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। राखड़ बांध के आसपास के क्षेत्रों में अब भी किसान फसल उगाते हैं। रविवार को अचानक राखड़ बांध के तटबंध का एक हिस्सा भरभराकर टूट गया। दरअसल लगातार रेजिंग कर राखड़ बांध की ऊंचाई बढ़ाने और राखड़ डंप करने की वजह से तटबंध का यह हिस्सा कमजोर हो गया था। तटबंध टूटने से आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। भारी मात्रा में राखड़युक्त पानी आसपास के क्षेत्रों में फैल गया। घटना के बाद राखड़ बांध निर्माण और रखरखाव में बरती गई कथित लापरवाही तथा अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार राखड़ बांध की स्थिति को लेकर लंबे समय से शिकायतें की जा रही थीं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा उपायों पर ध्यान नहीं दिया। इसके चलते आखिरकार राखड़ बांध का हिस्सा टूट गया और बड़ी मात्रा में राखड़ मिश्रित पानी आसपास के क्षेत्र में फैल गया। घटना के बाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का आरोप है कि राखड़ बांध की मजबूती और सुरक्षा मानकों को लेकर लगातार अनदेखी की गई।

### पहले भी टूटा था ..

बाधित हो गई थी। इसे लेकर जल संसाधन विभाग ने संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ 18 करोड़ का जुर्माना ठोंका था। हद तो तब हो गई जब घटना के बाद भी सिविल विभाग के अधिकारियों ने संजीदगी नहीं दिखाई और राखड़ बांध में लगातार राखड़ डंप किया जाने लगा। यही वजह है कि कुछ दिनों एक बार फिर झाबू राखड़ बांध के तटबंध का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हस हादसे में एक ठेका श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई।

### गर्भवती महिला की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले में एक गर्भवती महिला की हत्या के आरोप में रविवार को उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के सीमला खुर्द गांव में पिछले शुक्रवार को मुकेश सैनी की 28 वर्षीय पत्नी मीनाक्षी संदिग्ध हालात में मृत पायी गयी थी। पुलिस के मुताबिक, मीनाक्षी आठ माह की गर्भवती थी और उसके परिजनों ने दहेज के लिए हत्या किये जाने के आरोप में उसके पति मुकेश के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में दम घुटने से मौत होने की बात सामने आयी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट ऑफिस: चोला क्रेस्ट, सुपर B, C54 और C55, 4, थिरु वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600 032

**कब्जा सूचना [(परिशिष्ट IV) नियम 8 (1) के तहत]**

चूंकि नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, मे. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी हैं, और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम 2002 (2002 का 54) के तहत तथा धारा 13(12) और सुरक्षा हित [प्रवर्तन] नियम, 2002' के नियम 3 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, उन्होंने नीचे बताए गए ऋणधारकों **(जिनके नाम और पते नीचे दिए गए हैं)** को धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों में ऋणधारकों से कहा गया था कि वे नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में बताई गई रकम और उस पर लगने वाला ब्याज चुका दें। नीचे बताए गए ऋणधारक रकम चुकाने में नाकाम रहे हैं, इसलिए उन्हें और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी ने नियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और सुरक्षा हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नीचे बताई गई संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऊपर बताए गए ऋणधारकों और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति का कोई लेन-देन न करें; संपत्ति से जुड़ा कोई भी लेन-देन मे. **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के उस चार्ज (दावे) के अधीन होगा, जिसमें नीचे बताई गई रकम और उस पर लगने वाला ब्याज शामिल है। ऋणधारक का ध्यान नियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जो सुरक्षित एसेट्स (संपत्ति) को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के बारे में है।

| ऋणधारक/ओं के नाम एवं पते और ऋण खाता संख्या | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण | कब्ज़ा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या LAP1ILA000113479<br>1. श्रीमान/श्रीमती/ अब्दुल रसीद खान (उर्फ) अब्दुल खान<br>2. श्रीमान/श्रीमती/अब्दुल हाफ़िज<br>3. श्रीमान/श्रीमती/ हस्बुन बी<br>पता:- द्वारा- हाफ़िज खान, 00, एनएच 12ए, पोंडी, कवर्धा, पोंडी, छत्तीसगढ़, 491995, कवर्धा, कवर्धा, छत्तीसगढ़-491995 इसके अलावा- प.ह.नं. 20, पुराना ख.नं. 118/4, नया ख.नं. 118/5, रा.नि.मं. पोंडी, ग्राम, पोंडी, पोंडी, कबीरधाम, छत्तीसगढ़, 491995 | 13-04-2026 | 13-04-2026 को रू.26,30,113/- (छब्बीस लाख तीस हज़ार एक सौ तेरह रुपये मात्र) | संपत्ति खसरा नंबर 118/4 (भाग), क्षेत्रफल-0.024 हेक्टेयर, गांव-पोंडी, रा.नि.मं.-बोड़ला, प.ह.नं.-21, तहसील-बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) में स्थित है।<br>चौहद्दी- उत्तर-अज्जूराम का मकान, दक्षिण -कन्हैया का मकान, पूर्व-मैनुद्दीन का खेत, पश्चिम -18 फीट चौड़ी सड़क। | 18-06-2026 (कब्ज़ा) |

स्थान: कबीरधाम
दिनांक: 18-06-2026

सही/- अधिकृत अधिकारी,
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6264




बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6263 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6274

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6273 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## खबर संक्षेप



### एसबीआई म्यूचुइल फंड को आईपीओ लाने मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी संपत्ति प्रबंधन कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड को बाजार नियामक सेबी से अपना आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। मार्च में दाखिल विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित सार्वजनिक पेशकश पूरी तरह से 20.37 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है, जिसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। इस पेशकश में प्रवर्तकों, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एमुंडी इंडिया होल्डिंग अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे।

### बीते सप्ताह सोयबीन और मूंगफली तेल में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** आम तौर पर बाजार में लिवाली प्रभावित रहने के बीच बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) और बिनौला तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।



सोयाबीन के बड़े प्लांट वालों द्वारा खरीद दाम बढ़ाने के कारण सोयाबीन तिलहन, आयातित सूरजमुखी तेल से सस्ता होने और मांग बढ़ने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। औद्योगिक मांग के बीच पामोलीन तेल के दाम अपरिवर्तित रहे।

### बीकानेरवाला, मैरिको और परम डेयरी को नोटिस

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक, एफएसएसएआई ने बीकानेरवाला, मैरिको लिमिटेड और परम डेयरी समेत खाद्य पदार्थों के कारोबार से जुड़ी कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस उत्पादों के बारे में कथित भ्रामक दावों, लेबलिंग नियमों के उल्लंघन और ग्राहकों की शिकायतों के कारण जारी किए गए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार (एफएसएसएआई) एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उसने कई खाद्य व्यवसाय परिचालकों (एफबीओ) को नोटिस जारी किए हैं।




### भारतीय बीपीसी बाजार 39 अरब डॉलर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत के सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार के वर्ष 2030 तक 39 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, एक समय लोग सौंदर्य को सिर्फ अपनी आकांक्षाओं वाली श्रेणी मानते थे, लेकिन आज इसे आत्म देखभाल और व्यक्तिगत पहचान की रोजाना जरूरत के रूप में देख रहे हैं। 'फ्लिपकार्ट ग्लैमअप एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट-2026' के अनुसार, वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर मूल्य वाला भारतीय सौंदर्य बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक वृद्धि वाले बाजारों में शामिल है।



### खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद एक अगस्त से

**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयरों की पुनर्खरीद को एक अगस्त से दोबारा शुरू करने का फैसला किया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक में यह तय किया गया कि पुनर्खरीद की प्रक्रिया निर्गम खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवसों के भीतर पूरी करनी होगी। साथ ही, निर्धारित राशि का कम-से-कम 40 प्रतिशत हिस्सा पुनर्खरीद अवधि के पहले आधे हिस्से में उपयोग करना अनिवार्य होगा।




# फसाई ने कसा शिकंजा, अब खाने-पीने की चीजों पर झूठा दावा पड़ेगा भारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीवी ऐड हो या मार्केट या फिर सोशल मीडिया, कई बार आपने कंपनियों के ऐसे प्रोडक्ट देखे होंगे जिन पर नेचुरल या फिर प्योर जैसे बड़े दावे किए जा रहे हों। पर सवाल ये है कि क्या ये दावे सच्चाई पर खरा उतरते हैं? जवाब आपको ज्यादातर ना में ही मिलेगा। इन बढ़ते फेक मामलों को देखते हुए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) के साथ कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी यानी सीसीपीए ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। हाल ही में दो अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है।

## सौ प्रतिशत का झूठा दावा और तेल का नाम नहीं छुपा पाएंगे

### फसाई के रडार पर 'रिश्ते नमकीन'

पहला मामला फसाई से जुड़ा है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक ग्राहक की शिकायत के बाद फसाई ने रिश्ते नमकीन को एक नोटिस दिया है। ग्राहक ने शिकायत की थी कि कंपनी के दो पॉपुलर प्रोडक्ट्स फरसान स्ट्रीट मसाला पत्ता और फरसान स्ट्रीट रोस्टेड मिलेट भेल के पैकेट पर सिर्फ खाद्य वनस्पति तेल लिखा था। लेकिन ये साफ नहीं किया था कि वो कौन सा तेल है। फसाई के अनुसार ये फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स रेगुलेशंस, 2020 के नियमों का उल्लंघन है। इन नियमों के अनुसार कंपनी को बताना जरूरी है कि वो प्रोडक्ट में किस तेल, जैसे पाम ऑयल, मूंगफली का तेल, या राइस ब्रैन ऑयल का इस्तेमाल कर रही हैं।




### फसाई ने मांगा जवाब

इस पूरे मामले पर फूड सेफ्टी अथॉरिटी ने कंपनी को निर्देश देते हुए कहा है कि, कंपनी ये बताए कि उसने लेबल पर तेल का नाम क्यों नहीं लिखा? साथ वो साबित करे कि उन्होंने 2020 के लेबलिंग नियम नहीं तोड़े हैं। साथ ही एक कार्रवाई रिपोर्ट जमा करे, जिसमें बताए कि गलती सुधारने और भविष्य में ऐसी कमी दोबारा ना होने देने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

### स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स पर जुर्माना

वहीं दूसरे केस में सीसीपीए ने स्टोरिया फूड्स और मिसेज बेक्टर्स नाम की बड़ी कंपनियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। पीआईबी के अनुसार इन कंपनियों पर आरोप है कि इन्होंने अपने प्रोडक्ट्स के ऐड और पैकेजिंग पर 100 प्रतिशत शब्द का झूठा दावा किया। सीसीपीए ने साफ कहा कि 100 प्रतिशत वाले दावा मतलब एब्सोल्यूट न्यूमेरिकल क्लेम की कैटेगरी में ये आता है। मतलब ये कि अगर आप 100 प्रतिशत लिख रहे हैं तो आपकी कही हुई बात प्रोडक्ट में होनी ही चाहिए।

## कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा अधिक हो गया

# ओएनजीसी अब 'तेल और गैस' नहीं 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी : चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अब केवल 'तेल और गैस' नहीं बल्कि 'गैस और तेल' कंपनी बन चुकी है। कंपनी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने यह बात कही है। सिंह ने कहा कि अब कंपनी के पोर्टफोलियो में प्राकृतिक गैस का हिस्सा कच्चे तेल से अधिक हो गया है। सिंह ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि ओएनजीसी के कुल उत्पादन में अब गैस का योगदान तेल से थोड़ा अधिक है और भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी। उन्होंने कहा कि बड़े नए तेल भंडारों की खोज नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है, जबकि गैस उत्पादन लगातार बढ़ेगा।

■ भविष्य में कंपनी की वृद्धि मुख्य रूप से गैस उत्पादन के दम पर होगी




### नए गैस कुओं का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा

सिंह ने कहा कि गैस को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में अधिक मूल्यवान ईंधन माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी के कुल गैस उत्पादन में 'नए गैस कुओं' का हिस्सा तेजी से बढ़ रहा है और यह फिलहाल कुल गैस उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है। निकट भविष्य में इसके 30-36 प्रतिशत तक पहुंचने और आगे चलकर कंपनी के गैस पोर्टफोलियो में प्रमुख हिस्सेदारी लेने की संभावना है, क्योंकि पुराने गैस क्षेत्रों का उत्पादन धीरे-धीरे घटेगा।

### परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार

चेयरमैन ने कहा, ''गैस अब हमारे पोर्टफोलियो में तेल से थोड़ी अधिक है। इसलिए हमें तेल एवं गैस कंपनी नहीं, बल्कि गैस एवं तेल कंपनी कहा जाना चाहिए।'' सिंह के अनुसार, भारत में प्राकृतिक गैस की मांग लगातार बढ़ रही है। परिवहन क्षेत्र में गैस के उपयोग का विस्तार, सरकार की मूल्य निर्धारण सुधार नीतियां और नए गैस क्षेत्रों का विकास इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं।

### गैस उत्पादन में 8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य चल रहा

सिंह ने कहा कि कंपनी अगले कुछ वर्षों में गैस उत्पादन में सालाना 7-8 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह वृद्धि डीयूडीपी, डीएसएफ क्षेत्रों तथा 98/2 जैसी अपतटीय (ऑफशोर) परियोजनाओं से मिलेगी, जिनमें से कई अगले वित्त वर्ष में उत्पादन शुरू करेंगी।

### नई नीतियों से आर्थिक स्थिति बेहतर हुई

चेयरमैन ने कहा कि सरकार द्वारा रॉयल्टी में कमी, बाजार आधारित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को बढ़ावा और गहरे समुद्र में अन्वेषण के लिए समर्थन जैसी नीतियों से इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है तथा अपस्ट्रीम कंपनियों के पास अधिक राजस्व बच रहा है। ओएनजीसी समूह के कारोबार में अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) खंड की हिस्सेदारी लगभग दो-तिहाई है।

### कंपनी हर वर्ष 500 कुओं की खुदाई करती है

कंपनी हर वर्ष करीब 500 कुओं की खुदाई करती है, जिनमें खोजी और उत्पादन दोनों प्रकार के कुएं शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का आरक्षित नियोजन अनुपात 1.1 से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि उत्पादित भंडारों की भरपाई सफलतापूर्वक की जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा रणनीति और बढ़ती गैस खपत को देखते हुए ओएनजीसी का यह गैस-केंद्रित बदलाव कंपनी के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

# भारत की ईवी कंपनियों की निगाह ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारतीय वाहन विनिर्माताओं के लिए ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद है। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स जैसी कंपनियां इस समझौते के तहत ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन के निर्यात की संभावनाओं का आकलन कर रही हैं। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह समझौता 15 जुलाई से लागू होगा। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के अनुसार, भारत को ब्रिटेन के इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन चालित यात्री वाहनों के बाजार में चरणबद्ध तरीके से शुल्क-मुक्त निर्यात की सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था समझौते के छठे वर्ष से लागू होगी और निर्धारित कोटा प्रणाली के तहत संचालित होगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (वाहन कारोबार) वेलुसामी आर ने कहा कि यह समझौता भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है।

■ मुक्त व्यापार समझौते से बाजार में नए अवसर खुलने की उम्मीद

### टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला कदम

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रवक्ता ने भी इस समझौते को भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने तथा टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध और कोटा-आधारित व्यवस्था भारत निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ब्रिटेन में नए निर्यात अवसर उपलब्ध कराएगी।

### कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क मुक्त प्रवेश मिलेगा

समझौते के तहत 80,000 पाउंड तक की कीमत वाले भारतीय इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड और हाइड्रोजन यात्री वाहनों को निर्धारित कोटा के भीतर ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। छठे वर्ष में कुल 17,600 वाहनों के निर्यात की अनुमति होगी, जबकि 15वें वर्ष तक यह कोटा बढ़कर 88,000 वाहनों तक पहुंच जाएगा।

# टाटा मोटर्स को मिले 3,400 से अधिक ईवी वाहन के ऑर्डर



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स को माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स और यात्री परिवहन के लिए 3,400 से अधिक इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों (ई-सीवी) के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि इन ऑर्डर में लगभग 2,000 छोटे वाणिज्यिक वाहन और पिक-अप, 900 ट्रक तथा 500 बसें शामिल हैं। इन वाहनों का उपयोग ई-वाणिज्य, लॉजिस्टिक, रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली वस्तुएं बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों, शहर के भीतर परिवहन सेवाओं आदि में किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में इन वाहनों की तैनाती वास्तविक परिचालन परिस्थितियों में ई-परिवहन समाधान के प्रति ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। साथ ही यह संकेत देती है कि विद्युत वाहनों का उपयोग अब केवल परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित न रहकर बड़े पैमाने पर नियमित परिचालन का हिस्सा बन रहा है।

■ कंपनी को इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों का ऑर्डर मिला

### पिछले 12 महीनों से पोर्टफोलियो को मजबूत किया

*कंपनी ने कहा कि पिछले 12 महीनों में उसने अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो को काफी मजबूत किया है और विभिन्न परिचालन आवश्यकताओं तथा कार्य परिस्थितियों के अनुरूप नयी पीढ़ी के ई-वाणिज्यिक वाहन पेश किए हैं।*

# तेल व विदेशी निवेशक तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली वार्ता के नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है। विश्लेषकों के अनुसार, रविवार को स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी स्तर की वार्ता होने वाली है। शुक्रवार को 'मुहर्रम' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, "निवेशकों का ध्यान आगामी सप्ताह में अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया से जुड़े घटनाक्रमों पर केंद्रित रहेगा। कच्चे तेल की कीमतें एक प्रमुख कारक बनी रहेंगी। इनकी स्थिरता भारत के वृहद आर्थिक दृष्टिकोण को समर्थन देगी, जबकि पश्चिम एशिया में संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट से बाजार में फिर से अस्थिरता बढ़ सकती है।" विश्लेषकों ने कहा कि बाजार मानसून की प्रगति पर भी नजर रखेगा।

# आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेंगी सोने-चांदी की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान वार्ता से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़े अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बाजार की नजर विशेष रूप से स्विट्जरलैंड में होने वाली वार्ता पर रहेगी, जहां अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत का नेतृत्व करने की उम्मीद है। यह बातचीत पिछले सप्ताह बनी उस रूपरेखा पर आगे बढ़ेगी, जिसका उद्देश्य तनाव समाप्त करना है।

■ अमेरिका-ईरान वार्ता और तेल की कीमतें प्रभाव डालेगा



विश्लेषकों के मुताबिक, इन वार्ताओं का प्रभाव निवेशकों के जोखिम लेने की धारणा और ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है, जिसका सीधा असर बहुमूल्य धातुओं पर पड़ेगा। घरेलू जिंस बाजार शुक्रवार को सुबह के सत्र में मुहर्रम के कारण बंद रहेंगे। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के ईबीजी - जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी का रुझान फिलहाल सीमित दायरे में बना हुआ है, क्योंकि बाजार की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता तथा खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते कच्चे तेल, एलएनजी की आपूर्ति पर है।" पिछले सप्ताह मजबूत रुपये और घटती मांग के कारण बहुमूल्य धातुओं में गिरावट दर्ज की गई। 'मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज' पर सोने का वायदा 3,325 रुपये या 2.2 प्रतिशत गिरकर 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

### सोने के वायदा में मामूली तेजी

त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत रुपया आयातित सोने की लागत को कम करता है, जिससे कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। वैश्विक बाजारों में सोने का वायदा भाव मामूली रूप से बढ़त के साथ 4,245.9 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि चांदी 2.03 प्रतिशत गिरकर 66.32 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# किसान क्रेडिट कार्ड के मानदंडों में संशोधन

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के मानदंडों में संशोधन किया है। इसके तहत ऋण मंजूर करने एवं चुकाने के कार्यक्रमों में एकरूपता लाने के मकसद से फसल सीजन की परिभाषा को एक जैसा किया गया है। आरबीआई (वाणिज्यिक बैंक–केसीसी योजना) निर्देश 2026 अगले वर्ष जनवरी से लागू होंगे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ये निर्देश केसीसी योजना के तहत बैंक प्रणाली से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता की रूपरेखा तैयार करने के लिए जारी किए जा रहे हैं। इसका मकसद खेती और उससे जुड़े कामों में लगे कर्जदारों की कार्यशील पूंजी और निवेश ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना है।




# भारत का जून में रूस, यूएई से कच्चे तेल का आयात बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने जून में रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई है। विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा खुलने और खाड़ी देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल होने से पहले पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने के लिए आयात बढ़ाया है। समुद्री एवं जिंस आसूचना कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, 19 जून तक भारत ने रूस से औसतन 26.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल का आयात किया है, जो मई में 19.1 लाख बीपीडी था। इसके साथ ही रूस, भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में यूएई से आयात 6.36 लाख बीपीडी रहा, जो मई के रिकॉर्ड 6.44 लाख बीपीडी के करीब है। वहीं, वेनेजुएला 2.09 लाख बीपीडी के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा। सऊदी अरब से आयात 3.84 लाख बैरल प्रतिदिन रहा। इसके उलट अमेरिका से तेल आयात घटकर 91,000 बीपीडी रह गया, जबकि मई में यह 2.52 लाख बीपीडी था।

■ पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने आयात बढ़ाया

### संघर्षविराम के टिकने को लेकर चिंताएं बनी हुई

यह जलमार्ग दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल खपत के परिवहन का प्रमुख रास्ता माना जाता है। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम समझौते के बाद पिछले सप्ताह से तेल टैंकर की आवाजाही फिर शुरू हो गई है। इसके बावजूद संघर्षविराम के टिकने को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

### होर्मुज खुलने से तेज राहत एलपीजी आपूर्ति में मिलेगा

केप्लर के वरिष्ठ प्रबंधक (मॉडलिंग) सुमित रितोलिया ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने से भारत को सबसे तेज राहत एलपीजी आपूर्ति में मिलेगी, जबकि कच्चे तेल और एलएनजी का आयात सामान्य होने में कुछ अधिक समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही वैकल्पिक स्रोतों और आपूर्ति मार्गों के जरिये कई महीनों की बाधाओं के अनुरूप खुद को ढाल चुका है।

## पश्चिम एशिया तनाव कम होने से बाजार में लौटी रौनक

# इस सप्ताह तीन कंपनियों के आईपीओ आएंगे बाजार में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से निवेशकों में जोखिम लेने की धारणा को मजबूती मिलने के बीच शेयर बाजार में फिर से रौनक लौटती दिख रही है और इस सप्ताह तीन कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आ रही हैं, जबकि कई अन्य कंपनियां भी सार्वजनिक निर्गम की तैयारी कर रही हैं। क्रूज का संचालन करने वाली कंपनी वॉटरवेज लीजर टूरिज्म, जयपुर स्थित आभूषण निर्माता एडविट ज्वेल्स और सूचना प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता सीएसएम टेक्नोलॉजीज अगले कुछ दिन में अपने पहले सार्वजनिक निर्गम पेश करने जा रहे हैं। वहीं पैकेजिंग समाधान क्षेत्र की कंपनी नैक पैकेजिंग भी अगले सप्ताह अपने आईपीओ का मूल्य दायरा घोषित कर सकती है।

क्रूज का संचालन करने वाली कंपनी लाएगी निर्गम




### जेप्टो की 10 हजार करोड़ से अधिक जुटाने की योजना

बाजार सूत्रों के अनुसार, त्वरित वाणिज्य क्षेत्र की कंपनी जेप्टो 10,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की योजना बना रही है, जबकि देश की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी एसबीआई म्यूचुअल फंड अगले महीने लगभग 13,000 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम ला सकती है।

### वॉटरवेज लीजर 585 करोड़ का निर्गम ला रही

जून में सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज और हेक्सागन न्यूट्रिशन अपने आईपीओ ला चुकी हैं, जबकि इंश्योरटेक क्षेत्र की कंपनी टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस की सार्वजनिक निर्गम लाने की प्रक्रिया फिलहाल जारी है। वॉटरवेज लीजर टूरिज्म ने अपने 585 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए प्रति शेयर 769 से 808 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। यह निर्गम 23 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा।

### एडविट ज्वेल्स का आईपीओ 23 जून को खुलेगा

एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 23 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए 130 से 138 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इस निर्गम में 1.20 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 146 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 107 से 113 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। यह निर्गम 24 जून को खुलेगा और 27 जून को बंद होगा।

### नैक पैकेजिंग का मूल्य दायरा घोषित

वहीं नैक पैकेजिंग अगले सप्ताह अपने आईपीओ का मूल्य दायरा घोषित कर सकती है। कंपनी के प्रस्तावित निर्गम में 475 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों तथा एक मौजूदा शेयरधारक द्वारा 70 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। कंपनी ताजा निर्गम से प्राप्त लगभग 435 करोड़ रुपये का उपयोग गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरिसाना में नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने में करेगी।

## ग्रुप ई : क्यूरासाओ ने इक्वाडोर को बराबरी पर रोका

# एलोय बने दीवार, इक्वाडोर के 15 हमले किए नाकाम, हासिल किया पहला अंक

एजेंसी ▸▸| कनसास सिटी

*क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के लगातार हमलों का डटकर सामना करते हुए 15 बचाव किए, जिससे विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे सबसे छोटे देश ने ग्रुप ई का यह मैच गोलरहित बराबरी पर रोककर अपना पहला अंक हासिल किया। इस परिणाम से जर्मनी को ग्रुप ई में शीर्ष स्थान हासिल करने का मौका मिल गया। जर्मनी ने इससे पहले आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया था। 37 वर्षीय रूम ने पिछले साल नवंबर में जमैका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके क्यूरासाओ को पहली बार विश्व कप में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने जर्मनी से 7-1 की हार के बाद शानदार वापसी की और विश्व कप इतिहास में किसी गोलकीपर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में अपना नाम लिखाया।*



### एलोय ने बनाया वर्ल्ड कप रिकॉर्ड

क्यूरासाओ के गोलकीपर एलोय रूम ने इक्वाडोर के खिलाफ गोलरहित बराबरी पर छूटे मैच में 15 बचाव करके विश्व कप फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया। विश्व कप में सर्वाधिक बचाव करने की आंकड़े 1966 से ही रखे जाने लगे थे और रूम 15 बचाव करके इस सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। रिकॉर्ड 16 बचाव करने का है जो एक जुलाई, 2014 को अमेरिका के टिम हॉवर्ड ने बेल्जियम के खिलाफ बनाया था। हॉवर्ड ने हालांकि 120 मिनट तक चले मैच में यह रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से रूम ने 90 मिनट के निर्धारित समय में सर्वाधिक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रूम ने कहा, 'यह एक अविस्मरणीय अनुभव है। जब आप ऐसा करते हैं तो आप इसके बारे में नहीं सोचते, लेकिन निश्चित रूप से यह एक ऐसा पल है, जिसे मैं ताउम्र याद रखूंगा। मेरे लिए एक गोलकीपर के रूप में यह लगभग परफेक्ट मैच है।'

## ग्रुप एफ : नीदरलैंड की स्वीडन पर बड़ी जीत

■ ब्रोबे और गाकपो ने दागे दो-दो गोल

**ह्यूस्टन।** ब्रायन ब्रोबे और कोडी गाकपो ने दो-दो गोल करके नीदरलैंड को स्वीडन के खिलाफ 5-1 से बड़ी जीत दिलाकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंचा दिया। ब्रोबे ने पांचवें और 17वें मिनट में गोल करके नीदरलैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। गाकपो ने दूसरे हाफ के शुरू में 47वें और 54वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से पांचवां गोल क्रिसेनसियो समरविले ने 89वें मिनट में किया। स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल एंथनी एलंगा ने 59वें मिनट में किया। नीदरलैंड ने अपना पहला मैच जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था और उसे बड़ी जीत की जरूरत थी। स्वीडन अपने पहले मैच में ट्यूनीशिया को 5-1 से हराने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सका। नीदरलैंड से मिली यह हार 1950 में ब्राजील से 7-1 से मिली हार के बाद विश्व कप में उसकी सबसे बड़ी हार थी। इस जीत के साथ नीदरलैंड चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। स्वीडन के तीन अंक हैं।



# आखिरी मिनटों में उंदाव ने दागे गोल जर्मनी ने छीनी आइवरी कोस्ट से जीत

**टोरंटो।** डेनिज उंदाव ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरने के बाद दो गोल किए, जिससे जर्मनी ने लगभग 40 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। ग्रुप ई के इस मैच में उंदाव ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दूसरा और निर्णायक गोल किया। उन्हें गोलपोस्ट के सामने फेलिक्स नमेचा से एक पास मिला और उन्होंने आइवरी कोस्ट के गोलकीपर याहिया फोफाना को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। उंदाव ने इससे पहले मैच का पहला गोल 68वें मिनट में किया। तब नादिएम अमीरी ने एक लंबा पास दिया, जिसे स्ट्राइकर काई हावर्ट्ज़ ने उंदाव के पास जाने दिया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। अमीरी और उंदाव दोनों आठ मिनट पहले ही मैदान में आए थे। इससे पहले आइवरी कोस्ट के कप्तान फ्रैंक केसी ने 30वें मिनट में गोल करके जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया था। जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप ई में शीर्ष पर काबिज है जबकि आइवरी कोस्ट के तीन अंक हैं।


ग्रुप ई : जर्मनी लगातार दूसरी जीत से ग्रुप में शीर्ष पर काबिज

## 'समुराई ब्लू' ने विश्व कप में पहली बार किए चार गोल

ग्रुप-एफः जापान ने दी ट्यूनीशिया को करारी शिकस्त



**मोंटेरी।** अयासे उएदा के दो गोल की मदद से जापान ने फीफा विश्व कप के ग्रुप-एफ मुकाबले में ट्यूनीशिया को 4-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार चौथी बार नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। यह मुकाबला इसलिए भी खास था क्योंकि यह फीफा पुरुष विश्व कप का 1000वां मैच था। 'समुराई ब्लू' के नाम से मशहूर जापान की टीम ने विश्व कप इतिहास में पहली बार किसी मैच में चार गोल दागे। जापान ने इस एकतरफा मुकाबले में पूरे मैच के दौरान ट्यूनीशिया पर दबदबा बनाए रखा। ट्यूनीशिया इस विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने के बाद मुख्य कोच को हटाने वाली पहली टीम भी बनी। उएदा के अलावा दाइची कामादा और जुन्या इतो ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ जापान के चार अंक हो गए और वह अंक तालिका में नीदरलैंड के बराबर पहुंच गया।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**चटगांव।** कप्तान मिचेल मार्श की 28 गेंदों पर 60 रनों की तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर 3-0 से श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 11 ओवर में ही तीन विकेट पर 112 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। मार्श ने अपनी विस्फोटक पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए और टीम को तेज शुरुआत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले पहला मैच चार विकेट से और दूसरा मैच सात रनों से जीता था। मार्श और जोश इंग्लिस ने पावरप्ले में 54 रनों की साझेदारी कर मजबूत आधार तैयार किया। बायें हाथ के स्पिनर नासुम अहमद ने इंग्लिस को 17 रन पर आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मार्श ने 23 गेंदों में अपना 14वां टी20 अर्धशतक पूरा किया।

### टेस्ट सीरीजः न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 253 रन से हराया



**लंदन।** न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन खेल शुरू होने के सिर्फ 48 मिनट बाद इंग्लैंड को 209 रन पर समेटकर ओवल टेस्ट 253 रन से जीत लिया। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में बड़ी जीत दर्ज की थी। इससे अब सीरीज का फैसला नॉटिंघम में होने वाले तीसरे और अंतिम मैच से होगा, जो गुरुवार से शुरू होगा। इंग्लैंड ने सुबह पांच विकेट पर 182 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उसे जीत के लिए 463 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला था। लेकिन तेज गेंदबाज मैट हैनरी ने आखिरी पांच विकेट झटक लिए।

ट्राई वनडे सीरीज

# इंडिया ए बनी चैंपियन, श्रीलंका को हराया, सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी

एजेंसी ▸▸| दाम्बुला

वैभव सूर्यवंशी ने लीग चरण की नाकामी को पीछे छोड़ते हुए 29 गेंदों में 94 रन की विस्फोटक पारी के दौरान लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ए ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका ए को 66 रन से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया।

वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिस्ट ए क्रिकेट का नया रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने श्रीलंका के कौशल्य वीररत्ने का 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। वीररत्ने ने 2005 में 12 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। भारत ए ने 9 विकेट पर 377 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद श्रीलंका की पारी को 47.1 ओवर में 311 रन पर समेट दिया। भारत ए के लिए यश ठाकुर (45 रन पर 3 विकेट), विपराज निगम (60 रन पर 3 विकेट) और अनुकूल रॉय (42 रन पर 2 विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की।

कप्तान तिलक वर्मा (11 रन पर 1 विकेट) और अशोक शर्मा (75 रन पर 1 विकेट) को भी एक-एक सफलता मिली।



### भारत की आक्रामक पारी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारत ए की टीम सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 400 रन के आंकड़े की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन मध्य ओवरों में श्रीलंका ए ने शानदार वापसी की। कप्तान तिलक वर्मा ने 90 गेंदों पर 67 रन की संयमित पारी खेलकर टीम को संभाला। वहीं, अनुकूल रॉय ने 15 गेंदों में 39 रन और विप्रज निगम ने 20 गेंदों में 27 रन बनाकर अंतिम ओवरों में तेजी से रन जुटाए, जिससे भारत ए का स्कोर 375 रन के पार पहुंच गया।

### श्रीलंका रही विफल

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ए को तेज शुरुआत और बड़ी साझेदारियों की जरूरत थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज निरोशन डिकवेला (25), अविष्का फर्नांडो (तीन) और नुवानिडु फर्नांडो (21) पहले 10 ओवरों में ही 75 रन के स्कोर तक पवेलियन लौट गए। श्रीलंका की ओर से सदीरा समरविक्रमा (52) और कप्तान सहान अराच्चिगे (38) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े, जबकि वानुज सहान (62) और विजयकांत वियास्कंथ (39) ने सातवें विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की।

## महिला टी20 विश्व कप : द. अफ्रीका से हारा भारत, मारिजाने ने खेली नाबाद पारी

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर



मारिजाने काप ने 45 गेंद में 81 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप एक के मैच में भारतीय टीम को पांच गेंद रहते 6 विकेट से हरा दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' काप ने इससे पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट झटके। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 4 छक्के जमाए। स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक राधा यादव ने दो बार काप का कैच छोड़ा। इससे दक्षिण अफ्रीका ने जीत के लिए 159 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में 4 विकेट पर 161 रन बनाकर दूसरी जीत दर्ज की, जिससे टीम तालिका में चार अंक लेकर भारत (चार अंक) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर 3 विकेट झटके।

### 200 टी20 मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं हरमनप्रीत




**मैनचेस्टर।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान महिला और पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। हरमनप्रीत ने मार्च 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे प्रारुप में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और उसी साल जून में इंग्लैंड के खिलाफ टॉनटन में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

# कोहली-बुमराह की वापसी, यशस्वी टीम से बाहर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को फिटनेस मंजूरी मिलने की शर्त पर इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम में चुना गया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए रविवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कोहली फिटनेस टेस्ट के लिए सोमवार को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में वापस बुलाया गया है। अक्षर पटेल ने भी वापसी की है।

इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम का ऐलान




### इंग्लैंड के लिए वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर), श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### आयरलैंड के खिलाफ टी20 के लिए 'अपडेटिड' टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, वैभव सूर्यवंशी, प्रसिद्ध कृष्णा।

## एफआईएच महिला नेशंस कप : टीम इंडिया ने दूसरी बार किया खिताब अपने नाम, प्रो लीग में बनाई जगह

# भारत की बेटियां बनी चैंपियन, फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात

एजेंसी ▸▸| ऑकलैंड

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए फाइनल में मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार एफआईएच महिला नेशंस कप का खिताब अपने नाम करने के साथ ही अगले सत्र के लिए एफआईएच महिला प्रो लीग में भी जगह बना ली।

नवनीत कौर ने चौथे मिनट में ही भारत को बढ़त को दिला दी जबकि सुनेलिता टोप्पो ने 15वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए बढ़त को अंत तक बनाए रखा और खिताब अपने नाम किया।

### टूर्नामेंट में शीर्ष स्कोरर रहीं दीपिका

फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए लालरेमसियामी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया जबकि दीपिका टूर्नामेंट में छह गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर रहीं। उन्होंने अमेरिका की एश्ले सेसा के साथ यह उपलब्धि साझा की। यह भारत का दूसरा नेशंस कप खिताब है। इससे पहले टीम ने 2022 में शुरुआती सत्र का खिताब अपने नाम किया था। भारत पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। टीम ने पूल चरण में अमेरिका को 3-2, जापान को 2-1 और उरुग्वे को 3-2 से हराया, जबकि सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से एकतरफा मुकाबले में मात दी। टीम के शानदार प्रदर्शन को सम्मान देने के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपए और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपए नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

लालरेमसियामी चुनी गई 'प्लेयर ऑफ द मैच'




### भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में रही मजबूत

भारतीय रक्षापंक्ति तीसरे क्वार्टर में बेहद मजबूत रही और मेजबान टीम को कोई आसान मौका नहीं दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। भारतीय रक्षापंक्ति ने इसके बाद शानदार तालमेल दिखाते हुए न्यूजीलैंड को गोल करने से दूर रखा। टीम ने 2-0 की बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।

### नवनीत कौर ने चौथे मिनट में दिलाई बढ़त

खिताबी मुकाबले में शुरुआत में न्यूजीलैंड ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन भारत पहले ही मौके को भुनाने में सफल रहा। नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को चौथे मिनट में गोल में बदलकर भारत को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम ने तेज जवाबी हमले से न्यूजीलैंड की रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसके बाद भारत के पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर सुनेलिता ने दीपिका के शॉट को डिफ्लेक्ट कर 15वें मिनट में दूसरा गोल दागा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अनुशासित खेल दिखाया लेकिन न्यूजीलैंड ने वापसी की कोशिश जारी रखी। दोनों टीमों को गोल नहीं मिल सका और मध्यांतर तक स्कोर 2-0 रहा।




# यहां लगता है सांपों का 'कुंभ मेला', हर साल जमा हो जाते हैं लाखों सांप

अगर आप सोचते हैं कि सांप अकेले रहने वाले जीव हैं तो आपकी धारणा पूरी तरह गलत है। कनाडा के मनिटोबा प्रांत के ग्रामीण इलाके में हर साल वसंत ऋतु में सांपों का ऐसा भयानक मेला लगता है कि देखने वाले की रूह कांप जाती है।

**ओटावा।** लाखों सांप एक साथ जमा होकर गुफाओं, गड्ढों और चट्टानों में रोमांस करते नजर आते हैं। यह दुनिया के सबसे अनोखे वाइल्डलाइफ फेनोमेना में से एक है। मनिटोबा के नार्सिस इलाके में स्थित सांपों की ये प्रसिद्ध डेंस (गुफाएं) हर साल अप्रैल-मई में सक्रिय हो जाती हैं। यहां रेड-साइडेड गार्टर स्नेक की लाखों संख्या में भीड़ जमा होती है। पूरे साल ये सांप बिखरे रहते हैं, लेकिन प्रजनन के मौसम में वे अपने-अपने ठिकानों से निकलकर एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं।

## वसंत से ग्रीष्मकाल तक चलता है सांपों का मेला

### वसंत का नजारा

मनिटोबा का यह क्षेत्र सांपों के लिए आदर्श है, क्योंकि यहां सर्दियों में गहरी गुफाएं उपलब्ध हैं, जहां सांप हाइबरनेशन (सोहना) करते हैं। वसंत में जब तापमान बढ़ता है तो वे बाहर निकलते हैं, मेटिंग करते हैं और फिर अपने-अपने इलाकों में बिखर जाते हैं। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद लोग कमेंट्स में लिख रहे हैं— 'ये तो सांपों का स्वर्ग है', 'देखकर ही डर लग रहा है', 'प्रकृति कितनी अनोखी है'। कुछ यूजर्स मजाक भी उड़ा रहे हैं कि 'सांपों को भी मेला लगाना आता है'।



### इस जगह की सुरक्षा और संरक्षण पर खास ध्यान

विशेषज्ञ बताते हैं कि गार्टर स्नेक जहरीले नहीं होते हैं। इनका काटना इंसानों के लिए खतरनाक नहीं है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या देखकर किसी की भी हिम्मत जवाब दे सकती है। इन सांपों का रंग काला होता है और शरीर पर लाल या पीले धब्बे दिखते हैं, जिस वजह से उन्हें रेड-साइडेड गार्टर स्नेक कहा जाता है। कनाडा सरकार और स्थानीय वाइल्डलाइफ विभाग इस जगह की सुरक्षा और संरक्षण पर खास ध्यान देते हैं। यहां सांपों को परेशान करने या पकड़ने पर भारी जुर्माना लगाया जाता है।

### क्या है ये मेटिंग?

वैज्ञानिकों के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा सांपों का प्राकृतिक समागम माना जाता है। एक ही गड्ढे में हजारों सांप आपस में गांठें बनाकर मेटिंग करते दिखते हैं। नर सांप मादा सांप को घेर लेते हैं और एक-दूसरे पर चढ़कर मिलन की कोशिश करते हैं। इस दौरान पूरा क्षेत्र सांपों से पट जाता है। पर्यटक दूर से ही इस नजारे को देखने आते हैं। स्थानीय प्रशासन ने इस जगह को पर्यटन स्थल बना दिया है। यहां व्यूइंग प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, ताकि लोग सुरक्षित दूरी से सांपों को देख सकें। हर साल हजारों पर्यटक और वाइल्डलाइफ प्रेमी यहां पहुंचते हैं।

## रोचक खबरें


### भारत का वो इकलौता शहर, जहां अंडा बेचना भी है जुर्म, सीधा जाना पड़ सकता है जेल

**अहमदाबाद।** भारत में कई पवित्र और धार्मिक शहर हैं जैसे वाराणसी और ऋषिकेश। लेकिन, गुजरात के भावनगर जिले में स्थित पालिताना ने एक ऐसा कदम उठाया जो दुनिया के किसी शहर ने नहीं लिया था। साल 2014 में यह दुनिया का पहला ऐसा शहर बन गया, जहां मांस, मछली और अंडे की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह से कानूनी प्रतिबंध लगा दिया गया। पालिताना शत्रुंजय पहाड़ियों पर बसा हुआ है, जहां 900 से अधिक जैन मंदिर मौजूद हैं। साल 2014 में करीब 200 जैन साधुओं ने एक बड़ी भूख हड़ताल शुरू की थी। उनकी मांग थी कि इस पवित्र तीर्थ स्थल के आसपास चल रही लगभग 250 कसाई की दुकानों को तुरंत बंद किया जाए। इस विरोध प्रदर्शन ने पूरे देश का ध्यान खींचा और सरकार पर दबाव बढ़ गया। साधुओं के कड़े विरोध के बाद गुजरात सरकार ने पालिताना के भीतर मांस और अंडे की बिक्री और जानवरों के वध पर औपचारिक प्रतिबंध लगा दिया। अब यहां अंडा बेचना भी एक दंडनीय अपराध है, जिसके लिए कानूनी सजा का प्रावधान है। यहां शाकाहार केवल एक पसंद नहीं, बल्कि एक कानूनी अनिवार्यता बन चुका है। जैन धर्म में 'अहिंसा' को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। किसी भी जीवित प्राणी को नुकसान पहुंचाना उनके धर्म के विरुद्ध है। पालिताना के जैन समुदाय के लिए यह प्रतिबंध केवल एक सरकारी नीति नहीं थी, बल्कि उनकी 2,500 साल पुरानी आस्था को आधिकारिक मान्यता मिलने जैसा था। उनके लिए यह एक ऐतिहासिक जीत थी।



### मौत की गोद से लेकर आया ज्ञान अब लोगों को कर रहा मोटिवेट

**स्टॉकहोम।** मौत ये शब्द सुनते ही सब कुछ रुक-सा जाता है। इंसानों के लिए सबसे बड़ा सच, लेकिन सबसे बड़ा रहस्य भी जिंदा रहते हुए कोई नहीं बता सकता कि मरने के बाद क्या होता है। हम सब बस अंदाजा लगाते हैं, लोगों से कहानियां सुनते हैं, किताबें पढ़ते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो मौत को छूकर वापस आ जाते हैं। ऐसे ही एक शख्स की कहानी इन दिनों स्वीडन से सामने आई है। इनका नाम लासे गुस्टावसन है, जो अपने समय में फायरफाइटर थे, अब मोटिवेशनल स्पीकर हैं। मौत को लेकर उन्होंने अपना ऐसा एक्सपीरियंस शेयर किया। जिसे सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। बात 1981 की है। लासे तब सिर्फ 24 साल के थे, जोश से भरे हुए। गोथेनबर्ग के ऑयल हार्बर में गैस लीक की खबर आई तो अपनी टीम के साथ पहुंच गए। फायर ट्रक गैस के बादल के एकदम पास खड़ी थी। किसी को अंदाज़ा भी नहीं था कि अगले कुछ सेकंड में क्या होने वाला है। अचानक धमाका। 20 टन प्रोपेन गैस एक साथ फट गई। चारों तरफ आग ही आग। लासे और उनके दोस्त लेइफ ट्रक से कूदे और जान बचाने को भागे। पर लेइफ नहीं बच पाए। लासे का 40% शरीर जल गया-।चेहरा, हाथ, उंगलियां, कान सब। अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिए। दो महीने तक कोमा में रहे। जब होश आया तो वजन आधा हो चुका था। शीशे में खुद को देखना भी मुश्किल था। लासे बताते हैं कि उस धमाके के वक्त वो कुछ देर के लिए क्लीनिकली मर चुके थे। यानी दिल रुक गया था।



#### मृत्यु के निकट का अनुभव

लासे के इस एक्सपीरियंस को नियर डेथ एक्सपीरियंस (मृत्यु के निकट का अनुभव) कहते हैं। आईएएनडीएस जैसी बड़ी संस्थाओं ने उनका केस स्टडी किया है। हाल में कई पॉडकास्ट में उन्होंने अपनी बात खुलकर रखी, जिसके बाद दुनिया भर में फिर से एनडीई पर बहस छिड़ गई है। साइंटिस्ट अभी भी इस पर रिसर्च कर रहे हैं। कुछ डॉक्टर बोलते हैं कि मरते वक्त दिमाग में कुछ केमिकल रिलीज होते हैं, उसी से ऐसे विजन दिखते हैं।





## रिसर्च

# बिना आहट के आ रही है तबाही पलट सकता है 'मौसम चक्र'

नासा के सैटेलाइट्स ने पकड़ी समुद्र के अंदर की ये खौफनाक हलचल

**वॉशिंगटन।** अटलांटिक महासागर की गहराई में बहने वाला अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन करंट तेजी से कमजोर हो रहा है। जब भी हम पर्यावरण संकट या क्लाइमेट चेंज की बात करते हैं, तो हमारे दिमाग में जलते हुए जंगलों, पिघलते हुए ग्लेशियरों या प्लास्टिक से पटे पड़े समुद्र तटों की तस्वीरें कौंध जाती हैं। लेकिन, इस वक्त धरती पर एक ऐसा महा-खतरा मंडरा रहा है जो पूरी दुनिया का मौसम चक्र पलट सकता है, पर इसके पास अपनी कोई तस्वीर नहीं है। हम बात कर रहे हैं अटलांटिक महासागर की गहराई में बहने वाली पानी की विशाल जलधारा अटलांटिक मेरिडियोनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन की। यह सिस्टम इतनी शांति और गहराई में काम करता है कि आधुनिक मीडिया और आम लोगों की नजरों से यह बिल्कुल ओझल बना हुआ है।




### ध्यान और समझ के बीच का बड़ा फासला

जब जटिल और न दिखने वाले सिस्टम खबरों में आते हैं, तो कई बार नाटकीय विजुअल्स कहानी के मूल संदेश को ही पीछे छोड़ देते हैं। अंतरिक्ष में सैटेलाइट्स के जलने से लेकर गहरे समुद्र की हलचल तक, पर्यावरण की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं इंसानी समझ और देखने की क्षमता से परे काम करती हैं। क्लाइमेट जर्नलिज्म आज सिर्फ उन्हीं घटनाओं को तवज्जो दे रहा है जो तुरंत दिखती और महसूस होती हैं। ऐसे में **Amoc** जैसे गंभीर सिस्टम यह याद दिलाते हैं कि जो चीजें हमें दिखाई नहीं दे रही हैं, असल में वही दुनिया को तबाह करने का सबसे बड़ा माद्दा रखती हैं। बता दें, यह रिपोर्ट डरहम यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर कंप्यूटेशनल कॉस्मोलॉजी के सेंटर फॉर एक्स्ट्रागैलेक्टिक एस्ट्रोनॉमी की विजिटिंग रिसर्च फेलो फियोना थॉमसन द्वारा तैयार की गई है। यह आर्टिकल मूल रूप से प्रसिद्ध एकेडमिक और रिसर्च पब्लिकेशन 'बातचीत' में पब्लिश किया गया है।

### कमजोर पड़ रही है समुद्र की यह लाइफलाइन?

हालिया वैज्ञानिक शोधों से पता चला है कि यह विशाल समुद्री करंट अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। अगर यह सर्कुलेशन पूरी तरह रुक गया या बहुत ज्यादा धीमा हो गया, तो इसके परिणाम बेहद भयानक हो सकते हैं। इसके कारण उत्तरी यूरोप में सर्दियों के दौरान तापमान में भारी गिरावट आ सकती है और वहां माइनस 30 डिग्री तक की ठंड पड़ सकती है। इसके साथ ही उष्णकटिबंधीय मानसून का रास्ता बदल सकता है और अमेरिकी पूर्वी तट पर समुद्र का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है।



### इस बड़े खतरे का इमेज प्रॉब्लम क्या है?

इतनी बड़ी चेतावनी के बाद भी यह मुद्दा अखबारों या टीवी न्यूज की हेडलाइंस में जगह नहीं बना पाता। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इस संकट का कोई विजुअल चेहरा नहीं है। आधुनिक पत्रकारिता मुख्य रूप से उन तस्वीरों पर निर्भर करती है, जिन्हें सीधे देखा जा सके, जैसे चक्रवात या बाढ़। लेकिन अमॉक समुद्र के हजारों मीटर नीचे बिल्कुल खामोशी से बहता है। कैमरे की मदद से इसकी कोई ऐसी डरावनी तस्वीर नहीं खींची जा सकती जो तुरंत लोगों का ध्यान खींच सके।

## मंगल ग्रह से आए उल्कापिंड में मिला अनोखा रत्न



**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की टीम ने पहली बार मंगल ग्रह के एक उल्कापिंड के अंदर गारनेट नाम का बहुत ही अनोखा और कीमती रत्न खोजा है। साथ ही मंगल ग्रह पर एक बिल्कुल नए तरह की चट्टान का भी पता चला है, जो लाल ग्रह के इतिहास को समझने का नजरिया पूरी तरह से बदल सकती है। वैज्ञानिकों की यह खोज कनाडा के रॉयल ओंटारियो म्यूजियम में रखे मंगल ग्रह के उल्कापिंड के एक छोटे से टुकड़े एनडब्ल्यूए 8171 की जांच के दौरान हुई। शुरुआती केमिकल टेस्ट में वैज्ञानिकों को कुछ अजीब लगा। इसके बाद उन्होंने एडवांस लेजर टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी का प्रयोग किया और इसकी विस्तार से जांच की। जांच में जो सामने आया, उसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया चट्टान के अंदर गारनेट खनिज मौजूद था। गारनेट एक गहरे लाल रंग का रत्न होता है, जो धरती पर प्राचीन मिस्र और रोमन काल से बहुत ही प्रचलित रहा है। पृथ्वी पर वैज्ञानिक इसका इस्तेमाल जमीन के अंदर होने वाली हलचल, भारी दबाव और तापमान का पता लगाने के लिए करते हैं।

### मंगल ग्रह का टाइम कैप्सूल

इस रिसर्च में शामिल यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ के प्रोफेसर जेम्स डार्लिंग के मुताबिक यह नई चट्टान अरबों साल पुराने इतिहास को समेटे हुए एक टाइम कैप्सूल की तरह है। इससे मंगल ग्रह की बनावट को समझने में एक नया मोड़ आएगा. ब्रोक यूनिवर्सिटी की रिसर्चर्स ने बताया कि गारनेट आमतौर पर भारी दबाव और भीषण गर्मी के कारण बनता है। मंगल ग्रह पर ऐसा या तो किसी विशाल उल्कापिंड की टक्कर से हुआ होगा या फिर अंदर से उबलते लावे के बाहर आने से। वैज्ञानिकों को एक छोटा सा शक यह भी है कि हो सकता है यह रत्न मंगल ग्रह का मूल हिस्सा न हो, बल्कि किसी दूसरे अंतरिक्षीय पिंड की टक्कर के कारण मंगल पर पहुंचा हो और फिर वहां से धरती पर आया हो।

## भारतीय मूल के अमेरिकी यात्री अनिल अंतरिक्ष में बिताएंगे आठ महीने



**वॉशिंगटन।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के एक खास अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा एक भारतीय मूल का नागरिक भी होगा। आने वाले समय में भारतीय मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले हैं। अनिल मेनन 14 जुलाई 2026 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, वह रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-29 से कजाकिस्चतान के बैकोनूर कोसमोड्रोम से स्पेस के लिए रवाना होंगे। उनके साथ इस मिशन पर रूसी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र दुब्रोव और अन्ना किकीना भी रहेंगे, ये तीनों अतंरिक्ष यात्री करीब 8 महीने तक स्पेस स्टेशन पर विभिन्न मिशन को अंजाम देंगे।

## चावल की कमजोरी से वैज्ञानिकों ने बनाया जादुई मटेरियल

**वॉशिंगटन।** अरबों लोगों का पेट भरने वाला चावल में ऐसा गुण मौजूद है, जो सेंसर का भी काम खत्म कर सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल में ऐसा कुछ खोजा है, जिसने विज्ञान की दुनिया में तहलका मचा दिया है। वैज्ञानिकों को चावल के दानों में एक बहुत ही अजीब और चौंकाने वाला गुण मिला है। जिससे ऐसा स्मार्ट मटेरियल तैयार किया गया है, जो किसी भी बाहरी दबाव या झटके पर खुद-ब-खुद बिना किसी इलेक्ट्रॉनिक्स के रिएक्ट करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम के रिसर्चर्स ने यह खोज की है, जो मैटर जर्नल में प्रकाशित हुई है।



किसी भी चीज पर जब प्रेशर डाला जाता है, तो वह और मजबूत हो जाती है या उसी स्थिति में रहती है। लेकिन, चावल के साथ ऐसा नहीं है।

### कहां होगा इसका इस्तेमाल?

आजकल ऐसे रोबोट्स बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो इंसानों के लिए सेफ हों। यह मटेरियल भविष्य के रोबोट्स को बिना किसी महंगे सेंसर के इंसानों के साथ सुरक्षित रूप से काम करने में मदद करेगा। इसका इस्तेमाल मेडिकल सर्जरी और रेस्क्यू ऑपरेशन्स में भी किया जा सकता है।

## विज्ञान

नासा के वैज्ञानिक भी हुए हैरान!

# सालों पहले मरे हुए तारों में अचानक आई जान, होने लगी हलचल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों को एक ऐसा रहस्य मिला है, जिसने उनकी उम्मीदों ही बदल गई। पड़ोसी गैलेक्सी एम83 में सालों पहले विस्फोट कर चुके तारों के अवशेष अचानक तेज और धीमी चमक दिखाई दे रही है। 14 साल के डेटा के रिसर्च करने के बाद इस खोज ने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। नासा के वैज्ञानिकों ने एक पड़ोसी गैलेक्सी में फटे हुए तारों के मलबे पर रिसर्च की, तो उन्हें उम्मीद थी कि यह मलबा अब धीरे-धीरे ठंडा होकर गायब हो रहा होगा। लेकिन, हैरानी की बात तो तब हुई, जब पता चला कि कि शांत हुए तारों के अवशेषों में बहुत ही अजीब बदलाव हो रहे हैं।

नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, हमारी पड़ोसी गैलेक्सी में मरे हुए तारों के अवशेषों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आमतौर पर जब कोई तारा फटता है, तो समय के साथ उसकी रोशनी और चमक धीरे-धीरे खत्म होने लगती है।



### 14 साल के डेटा से खुला राज

इस हैरान कर देने वाली खोज के लिए नासा के वैज्ञानिकों ने चंद्रा एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी का सहायता लिया। उन्होंने पृथ्वी से लगभग 1.5 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर मौजूद मेसियर 83 नाम की गैलेक्सी पर रिसर्च किया। वैज्ञानिकों ने साल 2000 से 2014 के बीच यानी पूरे 14 साल तक जुटाए गए डेटा का बारीकी से रिसर्च किया. इसके बाद जो रिजल्ट सामने आया, वो हैरान करने वाला है। जब कोई बड़ा तारा फटता है, तो उसके बाद गर्म गैसों का एक बादल बच जाता है, जिसे सुपरनोवा रेमनेंट कहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना था कि 100 साल से ज्यादा पुराने हो चुके इन बादलों की एक्स-रे चमक समय के साथ धीमी हो जाएगी।

### जुड़वां तारों का जिंदा बचना

ब्रह्मांड में कई बार दो भारी तारे एक-दूसरे का चक्कर लगाते हैं। जब इनमें से एक तारा फटकर ब्लैक होल या न्यूट्रॉन स्टार बन जाता है, तो उसका साथी तारा जिंदा बच जाता है। ऐसे में ब्लैक होल या न्यूट्रॉन स्टार अपने जिंदा साथी तारे से गैस और मटीरियल खींच रहा होता है। इस खिंचाव और तेज गुरुत्वाकर्षण के कारण वहां बहुत ज्यादा गर्मी पैदा होती है, जिससे तेज एक्स-रे रोशनी निकलती है। दूसरी संभावना यह है कि तारा फटने के बाद जो ब्लैक होल या न्यूट्रॉन स्टार बचा, वह धमाके के समय बाहर फेंके गए अपने ही मलबे को फिर से अपनी ओर खींच रहा हो, जिससे यह चमक पैदा हो रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com